
नई दिल्ली
शुक्रवार, 21 नवंबर 2025
मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष
प्रतिपदा, वर्ष : 29, अंक : 218
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

मौसम
अधि. 26
न्यून. 13

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत को मिलेगी एंटी-टैंक जेवलिन मिसाइलों के साथ एक्सकैलिबर आर्टिलरी राउंड्स की नई खेप

## अमेरिका ने भारत के लिए दी 93 मिलियन डॉलर के बड़े सैन्य पैकेज को मंजूरी


जेवलिन मिसाइल


डोनाल्ड ट्रंप और पीएम मोदी

अमेरिका बोला, पैकेज से मजबूत होगी भारत की सैन्य क्षमता और वो क्षेत्रीय खतरों का भी आसानी से कर सकेगा मुकाबला

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से तेल खरीद पर नाराजगी को लेकर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से उत्पन्न संकट के बीच भारत, अमेरिका से हथियारों की पहली बड़ी खरीद करने के लिए कमर कस चुका है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने भारत के लिए 93 मिलियन डॉलर के सैन्य पैकेज की मंजूरी ▸▸ शेष पेज 7 पर

### अमेरिकी हितों पर नहीं आएगी कोई आंच

अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने बीते बुधवार देर रात बताया कि उसने इस प्रस्तावित रक्षा सौदे के संबंध में अमेरिकी कांग्रेस से हरी झंडी लेने के लिए एक औपचारिक सूचना भेज दी है। हथियारों की बिक्री से अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों को सहयोग प्रदान किया जा सकेगा। ▸▸ शेष पेज 7 पर

दुबई में चल रहे अंतरराष्ट्रीय एयरशो में बोले रूस के बड़े अधिकारी

# पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस की बड़ी घोषणा, टीओटी संग देंगे सु-57 विमान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और सैन्य संघर्षों के जटिल वैश्विक माहौल में अगले दिसंबर महीने में होने वाली राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से ठीक पहले रूस ने एक बड़ी घोषणा की है।

जिसमें ये कहा है कि भारत का दशकों पुराना रक्षा साझेदार देश रूस उसे अपना पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ तकनीक से लैस लड़ाकू विमान सु-57 तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के साथ देने के लिए तैयार है। जिससे नई दिल्ली की लड़ाकू विमानों से संबंधित जरूरतों की पूर्ति के साथ ही देश के अंदर इनके उत्पादन में भी मदद मिलेगी। दुबई में जारी अंतरराष्ट्रीय एयरशो-2025 से इतर रूस की सरकार के ▸▸ शेष पेज 7 पर


रूस का पांचवीं पीढ़ी का स्टेल्थ तकनीक वाला सु-57 लड़ाकू विमान

### पहले रूस और फिर भारत में बनेंगे सु-57

रूस के यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कारपोरेशन (यूएसी) के महानिदेशक वादिम बाडेखा ने कहा कि सु-57 को लेकर भारत की तकनीकी मांगें और अन्य चिंताओं को सकारात्मक रूप से देखा गया है। रूस के सरकारी हथियार निर्यातक रोसोबोरॉन एक्सपोर्ट के एक वरिष्ठ प्रतिनिधि के मुताबिक, हमारी कंपनी ने भारत के समक्ष भावी पीढ़ी के विमानों के उत्पादन और भारतीयों हथियारों के समावेश के लिए लाइसेंस उत्पादन का प्रस्ताव रखा है। जिसमें रूस और यूएसी का मत है कि सु-57 विमानों का हमारे देश में भारत के लिए उत्पादन किया जाए और भारत में चरणबद्ध रूप से उत्पादन प्रक्रिया को स्थानांतरित किया जाना भी इसमें शामिल है।

### एफ-35 का रूसी जवाब सु-57

गौरतलब है कि आज के समय में औपचारिक रूप से दुनिया के दो देश उनके पास पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान होने का दावा करते हैं। जिनमें अमेरिका और रूस शामिल हैं। अमेरिका का कहना है कि उसके पास एस-35 है। जबकि रूस कहता है कि उसके पास इस पीढ़ी का सु-57 विमान मौजूद है। इन दोनों के अलावा चीन भी अपने पास पांचवीं पीढ़ी का जे-35ए लड़ाकू विमान होने का दम भरता है। रूसी सु-57 की बात करें तो ये एक दो इंजन वाला पांचवीं पीढ़ी का बहुआयामी लड़ाकू विमान है। जिसे रूस ने हवाई बढ़त के साथ ही आक्रामक जंगी मिशन के लिए बनाया है। जो कि हवाई और जमीनी दोनों लक्ष्यों पर सटीकता के साथ हमला बोलकर उन्हें नष्ट कर सकता ▸▸ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### चीता 'मुखी' ने 5 शावकों को दिया जन्म

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश के श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता मुखी ने एक साथ पांच शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि मादा चीता मुखी ऐसी पहली भारतीय मादा चीता है, जिसने भारत की धरती पर कूनो नेशनल पार्क में जन्म लिया और अब पांच शावकों को जन्म दिया है। यह चीता प्रोजेक्ट का भारत में पहला सफल प्रजनन है।



### अनिल अंबानी की 1400 करोड़ की संपत्तियां जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने मनी लांड्रिंग निरोध कानून (पीएमएलए) के तहत अनिल अंबानी समूह से जुड़ी नवी मुंबई, चेन्नई, पुणे और भुवनेश्वर स्थित 1400 करोड़ की संपत्तियों को अटैच किया है। इस मामले में जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 9,000 करोड़ हो गया है। 5 बैंकों ने खातों को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है।



### मेहुल चोकसी की अपील सुनेगा सर्वोच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की ओर से अपने प्रत्यर्पण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 9 दिसंबर को बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय- कोर्ट ऑफ कैसेशन- के समक्ष होगी। चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में एंटवर्प अपीलीय न्यायालय के 17 अक्तूबर के फैसले को चुनौती दी है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण को वैध बताया है।



◀ बिहार में सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों ने ली शपथ, पीएम मोदी अमित शाह-नड्डा सहित भाजपा के कई राज्यों के सीएम भी रहे मौजूद

भाजपा के 14 और जदयू के 8 मंत्री शामिल

# 10वीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश सम्राट व सिन्हा 'डिप्टी सीएम' बने



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत के बाद अब सूबे में नई सरकार का गठन हो गया। पटना के गांधी मैदान में आयोजित समारोह में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। सीएम नीतीश ने 10वीं बार शपथग्रहण कर नया इतिहास रच दिया है। नीतीश के साथ ही नई सरकार के 26 मंत्रियों ने भी पद और गोपनीयता की शपथ ली।

भाजपा के कोटे से सरकार में दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं- सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा। नीतीश मंत्रिमंडल में शपथ लेने वाले मंत्रियों में मंगल पाण्डेय, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, श्रेयसी सिंह, रमा निषाद, मदन सहनी भी शामिल हैं। नीतीश कुमार के शपथग्रहण में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ एनडीए की सरकार वाले राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद थे।

## नए मंत्रियों में 1 मुस्लिम, 3 महिलाएं और 3 नए विधायक भी शामिल

### किस पार्टी से कितने मंत्री?

- भाजपा :14
- जेडीयू : 8
- लोजपा-आर : 2
- हम और रालोमो:1-1



पीएम मोदी ने गमछा लहराकर उत्साहवर्धन किया

### पीएम ने फिर अपना गमछा लहराया

शपथ ग्रहण समारोह समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अनोखा अंदाज देखने को मिला। सबसे पहले वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हाथ थामकर मंच के आगे की ओर बढ़े। इसके बाद पीएम मोदी ने पांच बार झुककर जनता का अभिवादन किया। फिर जनता की ओर मुड़कर अपना गमछा लहराया। बदले में गांधी मैदान में मौजूद लोगों ने भी अपना अपना गमछा लहराकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस दिल्ली जा रहे थे। उन्हें विदा करने खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहुंचे। इस दौरान एक पल ऐसा आया जब नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री के पैर छूने की कोशिश की।

### ये भी मंत्री

रालोमो कोटे के दीपक प्रकाश किसी सदन के सदस्य नहीं हैं। उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को विधान परिषद में लाया जाएगा। जीतनराम मांझी ने अपने बेटे संतोष सुमन को हम कोटे से दोबारा मंत्री बनवाया है। चिराग पासवान ने महुआ से मुकेश रौशन व तेज प्रताप यादव को हराने वाले संजय कुमार सिंह व बखरी से सीपीआई को हराकर आए संजय पासवान को मंत्री बनवाया है।


### समारोह में ये दिग्गज हुए शामिल

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। मंच पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा सांसद मनोज तिवारी और भोजपुरी कलाकार पवन सिंह दिखाई दिए। यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी पहुंचे।

बोले, मैंने दोनों देशों को दी 350 फीसदी टैरिफ की धमकी, फोन कर बोले मोदी-जंग नहीं करूंगा

# अमेरिका के राष्ट्रपति ने फिर अलापा भारत-पाकिस्तान के बीच शांति स्थापना का ट्रंप राग

भारत पहले ही अमेरिका सहित पूरी दुनिया को ये बता चुका है कि संघर्षविराम द्विपक्षीय था। जिसके लिए पाकिस्तान ने पहल की थी


अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया के कई देशों सहित भारत और पाकिस्तान के बीच इस साल मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष को रुकवाने यानी संघर्षविराम कराने का श्रेय ले चुके हैं। लेकिन उनकी ये आदत है कि जाती ही नहीं है।

बीते बुधवार को अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम को संबोधित करते हुए उन्होंने एक बार फिर से इसे दुनिया के सामने दोहराते हुए कहा कि मैं झगड़े सुलझाने में हमेशा से अच्छा रहा हूं। दो परमाणु शक्ति संपन्न देश (भारत-पाकिस्तान) जो आपस में लड़ने वाले थे। लेकिन ये मैं ही था जिसने दोनों से कहा कि अगर युद्ध हुआ तो मैं दोनों देशों पर 350 फीसदी टैरिफ लगा रहा हूं। जिसके बाद दो लड़ने वाले देशों के बीच आखिरकार सुलह हुई। उन्होंने इसमें यह भी जोड़ा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे (ट्रंप) फोन कर कहा कि वो जंग नहीं करेंगे।

दुनिया का कोई भी राष्ट्रपति ऐसा नहीं करता है। लेकिन मैंने दुनिया के आठ देशों में से चार में चल रहे युद्धों को टैरिफ की मदद से रोका या निपटाया है। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### द्विपक्षीय था संघर्षविराम, पहल पाक ने की थी

यहां बता दें कि इस साल के जून महीने में कनाडा में आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान फोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को साफ शब्दों में यह बता दिया था कि भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ संघर्षविराम पूरी तरह से द्विपक्षीय था और इसमें अमेरिका या दुनिया के किसी अन्य देश ने कोई मध्यस्थता नहीं की है। 7 मई 2025 की मध्यरात्रि के बाद शुरू की गई भारत की ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य कार्यवाही को रोकने के लिए 10 मई को की गई पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्षविराम के लिए राजी हुआ था।

नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग के साथ हुई बैठक में बोले एस. जयशंकर

अफगानिस्तान के उद्योग-वाणिज्य मंत्री से भी हुई जयशंकर की मुलाकात, आपसी संबंधों को मजबूत बनाने पर की चर्चा

# ऑस्ट्रेलिया के साथ आर्थिक सहयोग समझौते पर जल्द ही पूरी होगी वार्ता

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ से लेकर वैश्विक संघर्षों के मुश्किल दौर के बीच गुरुवार को नई दिल्ली में भारत और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों के बीच 16 फ्रेमवर्क संवाद से जुड़ी हुई एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि ये संवाद तंत्र दोनों देशों की व्यापक रणनीतिक साझेदारी में शामिल एक मुख्य स्तंभ है।

भारत-ऑस्ट्रेलिया के व्यापार और निवेश संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसकी वजह से मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों के बीच जल्द ही व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को लेकर चल रही बातचीत जल्द ही पूरी हो जाएगी। हमारी इस साझेदारी को पांच वर्ष हो चुके हैं और इस दौरान जरूरी गतिविधियों में सहयोग के साथ ही सकारात्मकता भी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले हमारे व्यापार-वाणिज्य मंत्री ऑस्ट्रेलिया में आपसी संवाद कर चुके हैं। ▸▸ शेष पेज 7 पर


नई दिल्ली में पैनी वोंग और डॉ एस. जयशंकर चर्चा करते हुए

### अफगानिस्तान के मंत्री से मिले जयशंकर

विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि राजधानी में उनकी अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्री अल्हाज नूरुद्दीन अजीजी से भी मुलाकात हुई है। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, संपर्क और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के मामले पर चर्चा की गई है। मैंने अफगानिस्तान के लोगों के विकास और कल्याण के लिए भारत के समर्थन को दोहराया है।

अमेरिका-चीन इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन रिपोर्ट

# भारत-पाक संघर्ष पर आपत्तिजनक टिप्पणियाँ, कांग्रेस पार्टी ने जताया विरोध, कहा अस्वीकार्य

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी कांग्रेस की यूएस–चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025 पेश की है, जिसमें भारत से जुड़े कुछ निष्कर्षों ने नई दिल्ली में गहरी नाराज़गी और हैरानी पैदा कर दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने इस रिपोर्ट के दो अत्यंत संवेदनशील बिंदुओं को सार्वजनिक करते हुए इसे "भारत के लिए अस्वीकार्य" बताया है। लगभग 800 पन्नों की इस विस्तृत रिपोर्ट के पृष्ठ 108 और 109 में शामिल टिप्पणियों को लेकर भारत में राजनीतिक और रणनीतिक गलियारों में तीखी प्रतिक्रिया है। जयराम ने इसका उल्लेख भी किया है। रिपोर्ट में अप्रैल 2025 में पहलगाम ▸▸ शेष पेज 7 पर



### कूटनीति की एक और बड़ी विफलता: जयराम

जयराम रमेश ने यह भी कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक 60 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने "ऑपरेशन सिंदूर" को रुकवाया था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री इस पर अब तक पूरी तरह मौन हैं। रमेश के अनुसार अब जब अमेरिकी कांग्रेस की एक आधिकारिक समिति इस प्रकार की गलत और आपत्तिजनक व्याख्या पेश कर रही है, तो इससे भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति और कूटनीतिक ▸▸ शेष पेज 7 पर

अल फलाह यूनिवर्सिटी चेयरमैन के घर पर चलेगा बुलडोजर!

# महू कैंट बोर्ड का नोटिस...तीन दिन में खुद हटाओ नहीं तो तोड़ने का खर्च भी वसूलेंगे

दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी अल फलाह यूनिवर्सिटी के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर था

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

महू कैंटोनमेंट बोर्ड ने अल फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी के घर को तोड़ने का नोटिस जारी हुआ है। कैंटोनमेंट बोर्ड कहा है कि अगर तीन दिनों के अंदर खुद घर नहीं हटाया तो स्ट्रक्चर को गिरा दिया जाएगा।

कैंटोनमेंट इंजीनियर एचएस कलोया ने कहा कि हमने मरहूम मौलाना हम्माद के घर को एक नोटिस जारी किया है, जो जवाद अहमद ▸▸ शेष पेज 7 पर


इस मकान को ढहाया जाना है

### कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध

दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े कई आतंकियों का यूनिवर्सिटी से संबंध था, जिससे जांच करने वालों को इंस्टीट्यूशनल रिकॉर्ड, फाइनेंशियल ट्रांजैक्शन और एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल की जांच करने के लिए कहा गया। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर को दिल्ली में हुए ब्लास्ट केस में जांच का केंद्र बन रही है। दिल्ली ब्लास्ट में 15 लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।

▸▸ सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी

मुद्दा था...क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए?

# अदालत बिल की मंजूरी के लिए टाइमलाइन तय नहीं कर सकती

एजेंसी ⏭ मुंबई

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अदालत राज्य विधानसभा की तरफ से पास किए गए बिलों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकती। सीजेआई बीआर गवई की अगुवाई वाली पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से भेजे गए 14 सवालों का जवाब देते हुए अपनी राय दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति के उस संदर्भ पर अपना फैसला सुनाया है, जिसमें पूछा गया था कि क्या कोई ▸▸ शेष पेज 7 पर

अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका संवैधानिक कर्तव्य है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती

लेकिन, अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें



» संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था

» पीठ ने कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे ये 14 सवाल

- राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं?
- क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है?
- क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों ▸▸ शेष पेज 7 पर

## क्राइम ब्रांच ने किया पायरेसी नेटवर्क का भंडाफोड़

# ऑनलाइन बेची जा रही थी नकली किताबें, पकड़े गए कई आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 'BOOKBHANDAR.IN' के जरिए चल रहे ऑनलाइन पायरेसी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस साइट का इस्तेमाल पायरेटेड एकेडमिक किताबें बेचने के लिए किया जाता था। शुरूआत में 42 पायरेटेड किताबें बरामद हुई थी लेकिन बाद की रेड में 18 टाइटल/686 किताबें जब्त की गई।

प्रिंटिंग प्रेस और प्लेट बनाने वाली यूनिट का भी पता चला, जिसके बाद प्रिंटिंग मशीन और नेगेटिव जब्त किए गए। मामले में कई आरोपियों को पकड़ा जा चुका है। इनके फाइनेंशियल ट्रेल और डिजिटल ट्रांजैक्शन की जांच चल रही है। पुलिस के अनुसार साइबर से होने वाले आर्थिक अपराधों और कॉपीराइट उल्लंघन के खिलाफ लगातार क्राइम ब्रांच की कार्रवाई चल रही है। हाल ही में मिले इनपुट के आधार पर अनमोल कीरो (27) निवासी मयूर विहार फेज-I के घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान उसके घर से जाने माने पब्लिशर्स की 42 पायरेटेड किताबें मिलीं। इसके अलावा जांच के दौरान पता चला कि उसने एक ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म BookBhandar.in और उसका इंस्टाग्राम हैंडल बनाया हुआ था। उसने पेमेंट लेने के लिए "FINSKOOL EDUCATION" नाम से एक बैंक अकाउंट का इस्तेमाल किया। आरोपी ने दरियागंज बुक मार्केट से पायरेटेड किताबें भी खरीदीं और उन्हें इंडिया पोस्ट और प्राइवेट कूरियर के जरिए पूरे भारत में भेजा।

अनमोल कीरो की निशानदेही पर पांडव नगर के गणेश नगर में रेड की गई, जहां से 18 अलग-अलग टाइटल्स की 686 पायरेटेड किताबें बरामद की गई। इस सिलसिले में सुनील कुमार गुप्ता निवासी गणेश नगर, पांडव नगर, ललन गुप्ता निवासी जैतपुर एक्सटेंशन, बदरपुर, नावेद और कामरान (37) निवासी हौज काजी को नोटिस जारी किया गया है। कामरान हौज काजी में एक प्रिंटिंग प्रेस चलाता था। यहां से एक प्रिंटिंग मशीन ADAST डोमिनेंट 714 जब्त की गई। उसने बताया कि दो महीने पहले, उसने ऑर्डर के हिसाब से नावेद के लिए किताबें प्रिंट की थी।

उसने बताया कि वह अपनी रोजी-रोटी के लिए अलग-अलग क्लाइंट से प्रिंटिंग का काम लेता है। आखिर में हिलाल मोहम्मद (40) निवासी फराश खाना का नाम सामने आया। वह किताब छपाई के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रिंटिंग प्लेट/नेगेटिव तैयार करते हुए पाया गया। पायरेटेड किताबों से जुड़ी तीन प्लेट/नेगेटिव बरामद की गई। उसने बताया कि वह सिर्फ नावेद समेत कस्टमर्स द्वारा दिए गए नेगेटिव के आधार पर प्लेट तैयार करता है। इसे भी नोटिस जारी किया गया है।

## 50 लाख के लोन फ्रॉड का आरोपी 15 साल बाद अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने 50 लाख के लोन फ्रॉड का आरोपी 15 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम धीरज कुमार उर्फ परवेश शर्मा (37) है। इस पर बैंक लोन के एवज में प्रॉपर्टी के जाली कागजात गिरवी रखने का आरोप है। इसे भरतपुर, राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार धीरज कुमार डबल मॉर्गेजिंग, जाली सेल डीड और नकली पहचान वाले एक सुनियोजित प्रॉपर्टी और बैंक लोन फ्रॉड का मुख्य साजिशकर्ता था। आरोपी पिछले 15 सालों से अपना नाम और पहचान बदलकर फरार था। ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स (अब पीएनबी) के सीनियर मैनेजर सुपिंदर पाल सिंह की शिकायत पर 15 मार्च 2019 को केस दर्ज किया गया था। आरोपियों ने परवेश शर्मा के तौर पर नकली पहचान बनाकर पॉकेट-12, सेक्टर-20, रोहिणी की एक प्रॉपर्टी की नकली टाइटल चेन बनाई और धोखे से इसे दो नेशनलाइज्ड बैंकों में गिरवी रख दिया, जिससे 44.95 लाख रुपये का गलत नुकसान हुआ। गिरफ्तार आरोपी धीरज विजय नगर, भरतपुर का रहने वाला है।

वह 2007 में कंप्यूटर डिप्लोमा कोर्स के लिए दिल्ली आया और बाद में दिल्ली में अलग-अलग किराए के घरों में रहने लगा। 2009-2010 के आसपास पैसे की तंगी का सामना करते हुए वह साथी आरोपियों के संपर्क में आया, जिन्होंने उसे गैर-कानूनी बैंक लोन के कामों के लिए नकली डॉक्यूमेंट्स का इस्तेमाल करना सिखाया।

## प्रेम नगर में युवक की करंट लगने से मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के प्रेम नगर क्षेत्र में बुधवार शाम एक 29 वर्षीय युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का नाम हरेंद्र बताया गयाहै। वह पेशे से हलवाई था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार हरेंद्र अपने साथियों के साथ प्रेम नगर स्थित एक वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के लिए खाना बनाने गया था।

सहकर्मियों ने पुलिस को बताया कि काम के दौरान हरेंद्र पास में लगी पानी की टोटी से पानी लेने गया था। जैसे ही उसने टोटी खोली उसे जोरदार करंट लगा। साथी कर्मियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। इसके बाद आनन फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक शादीशुदा था और मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले का रहने वाला था।

# राजधानी में छाई रही जहरीली धुंध कई क्षेत्रों में एक्यूआई 400 पार दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में गुरुवार को भी सुबह से ही जहरीली धुंध छाई रही, अधिकांश क्षेत्रों में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार गंभीर स्थिति में दर्ज हुआ। यह जहरीली धुंध दिल्ली में बहने वाली हवा की गति कम होने व लगातार गिरते तापमान की वजह से देखने को मिल रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दिल्ली सरकार सहित अन्य निकायों द्वारा अपनाए जा रही तमाम उपाय विफल साबित हो रहे हैं।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में धुंध की मोटी परत देखने को मिलती रही। हवा की गति कम होने व लगातार गिरते तापमान की वजह से दिल्ली का औसत एक्यूआई 399 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में ही माना जा सकता है। जबकि दिल्ली के वीवीआईपी क्षेत्र कहे जाने वाले इंडिया गेट, राजपथ और राष्ट्रपति भवन भी घने स्मॉग की चादर में लिपटे नजर आए। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण ने लोगों को सांस लेने में दिक्कत महसूस हो रही है, आंखों में जलन भी परेशान कर रही है। वहीं इससे पहले राजधानी की बिगड़ी हवा के मद्देनजर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सरकार से नवंबर और दिसंबर के महीनों में निर्धारित शारीरिक खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित करने का आग्रह किया है।

जिससे की वायु प्रदूषण से छात्रों के स्वास्थ्य को खतरनाक प्रदूषण की मार से बचाया जा सके। आयोग ने यह कदम सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों के बाद उठाया है जिनमें वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर और इसके बच्चों पर संभावित स्वास्थ्य प्रभावों को लेकर चिंता व्यक्त की गई थी। दिल्ली के औसत एक्यूआई 399 के अलावा सबसे ज्यादा प्रदूषण वजीरपुर क्षेत्र में 477 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## स्कूल के भीतर कट्टा ले जाने की फिराक में था छात्र, दबोचा

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक छात्र को स्कूल के अंदर हथियार ले जाने से पहले ही पकड़ लिया। पुलिस ने छात्र के पास से एक देसी कट्टा व दो कारतूस बरामद किए है। आरोपी छात्र अन्य बच्चों को हथियार दिखाकर नाम कमाने की कोशिश में था। पुलिस हथियार के सोर्स की तलाश में है। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार स्पेशल स्टाफ के एसआई विपिन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुल्तानपुरी के एक स्कूल के अंदर एक छात्र देसी कट्टा और जिंदा राउंड लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर छात्र को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से देसी कट्टा और दो कारतूस मिले।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 20-RCNK-OPN-VB-UH-2025R | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "सप्लाई एंड रिप्लेशमेंट ऑफ अपहोलस्ट्री ऑफ सीट इन वंदे भारत रेक ड्यूरिंग स्ड्यूलड मेंटनेंस ऐट आरसीएनके/सोनीपत (कार्य के दायरे के अनुसार)" | | |
| अनुमानित लागत | ₹97,39,106.40 जीएसटी @ 18% सहित | | |
| बयाना राशि | ₹1,65,200/- | निविदा फॉर्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने से छः महीने तक | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 05.12.2025 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 05.12.2025 को 15:15 बजे। | | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है | | |

यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं.: 20-RCNK-OPN-VB-UH-2025R दिनांक 20.11.2025 3608/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C. / 84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **मंगल राम, पुत्रः** सूरज वली, **पताः** सी–79/30, झुग्गी आराम बाग, पहाड़ गंज, दिल्ली, ने **FIR No.: 622/2021, U/s: 379/34 IPC, थानाः** सब्जी मंडी, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मंगल राम,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **मंगल राम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 622/2021, U/s: 379/34 IPC, थानाः** सब्जी मंडी, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **मंगल राम,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीती राजोरिया**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**कमरा न.–32, (केन्द्रीय)**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/14675/N/2025**
**(Court Matter)**

# शादियों से आभूषण, चुराने वाला शातिर चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली में शादी समारोह से नकदी, आभूषण और कीमती सामान चुराने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी 16 नवंबर को मिली एक शिकायत के एवज में की गई है। आरोपी के पास से नकदी, मोबाइल फोन और 'शगुन' के लिफाफे बरामद हुये हैं। आरोपी शख्स का नाम रोहित सैनी उर्फ पप्पन है।

पुलिस ने शिकायत के बाद एक टीम बनाई थी जिसने घटनास्थल और आसपास के इलाकों की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। पता चला कि आरोपी छतरपुर और महरौली में आना जाना कर रहा है। सैनी को छापेमारी के दौरान पकड़ा गया और उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन, 24,500 रुपये नकद और 'शगुन' के 14 लिफाफे बरामद किए गए। सैनी बार-बार अपराध करता है और डिफेंस कॉलोनी थाने में 2006 में दर्ज चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में भी वह आरोपी है।

# इंटरनेशनल ड्रग नेटवर्क का खुलासा, पांच नाइजीरियाई हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-I टीम ने इंटरनेशनल ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुये पांच नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से महंगी एमडीएमए, एक्स्टसी पिल्स और कोकेन जब्त की गई है।

डीसीपी विक्रम सिंह के अनुसार एएसआई जोगिंदर तोमर को एमडीएमए ड्रग्स की सप्लाई के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। सूचना सीनियर अधिकारियों के साथ जानकारी शेयर की गई। इसके बाद टीम ने लगभग 3 करोड़ कीमत की एमडीएमए, कोकीन और एक्स्टसी की गोलियों की बड़ी मात्रा बरामद की, जिससे नेशनल कैपिटल रीजन में चल रहे नारकोटिक्स ट्रेड नेटवर्क को बड़ा झटका लगा। पुलिस के अनुसार सबसे पहले नवादा मेट्रो स्टेशन के पास न्गोजी विक्टर उर्फ जेफ को पकड़ा गया। उसके पास से कुल 100 ग्राम एमडीएमए और 40 एक्स्टसी की गोलियां बरामद हुई। उसकी गिरफ्तारी से दिल्ली-एनसीआर में चल रहे एक बड़े ड्रग ट्रैफिकिंग नेटवर्क पर लगातार और सिस्टमैटिक कार्रवाई की शुरुआत हुई। आगे की जांच और टेक्निकल सर्विलांस के दौरान क्राइम ब्रांच टीम ने सिंडिकेट के तीन और सदस्यों अनियागोह डैनियल उजोचुक्वू, एजे रोलैंड और जॉनसन ओकोरो को किरण गार्डन, उत्तम नगर में एक रिहायशी जगह से गिरफ्तार किया गया। आरोपी एजे रोलैंड की निशानदेही पर 223 ग्राम हाई-ग्रेड कोकीन और 22 ग्राम एमडीएमए बरामद हुआ, जिससे कार्टेल के इंटरनेशनल लिंक और ऑर्गनाइज्ड नेचर का पता चला। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को कोर्ट ने डिटेल में पूछताछ और जांच के लिए सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा। लगातार पूछताछ के दौरान रोलैंड ने एक और साथी और सप्लायर ओनुओहा जेम्स का नाम बताया, जिसे बाद में ट्रैक करके निलोठी से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से टीम को 15 ग्राम अच्छी क्वालिटी का एमडीएमए मिला।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कामरान, पुत्रः मोहम्मद सलीम, निवासीः टी–342, गली नंबर–9, गौतमपुरी, सीलमपुर, उत्तर पूर्व, दिल्ली** ने **FIR No.: 506/25, Dated: 05/06/2025, U/s: 115(2)/126(2) भारतीय न्याय संहिता–2023 और Section: 10/6/18 POCSO Act, पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कामरान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कामरान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अभियुक्त **कामरान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री सोनम गुप्ता**
**एएसजे (एफटीएससी) (पॉक्सो)–01, केंद्रीय,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/15536/N/2025**

### शिक्षा मंत्री ने एमसीडी स्कूल लाजपत नगर का किया दौरा, बच्चों को वितरित किए बैग

# सरकारी स्कूलों को ऐसा बना देंगे कि प्रवेश के लिए सिफारिश करवाएंगी आने वाली पीढ़ियां: सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार आने वाले पांच वर्षों में सभी सरकारी स्कूलों को इस स्तर तक बदल देगी कि आने वाली पीढ़ियां इन स्कूलों में प्रवेश लेने के लिए सिफारिश करवाएंगी।

यह बात गुरुवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने लाजपत नगर तीन के वार्ड सात में दिल्ली नगर निगम स्कूल में आयोजित बैग वितरण समारोह में कही। इस समारोह में वार्ड 7 के कई स्कूलों के नर्सरी से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों को 2 हजार 200 से अधिक स्कूल बैग वितरित किए गए। यह पहल गेल के साथ एक सीएसआर साझेदारी के तहत की गई। इस समारोह में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, और एमसीडी स्कूल जीवन नगर के कक्षा 5 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत बैंड शामिल था। कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज, एमसीडी शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, एमसीडी के अन्य गणमान्य अतिथि, विधायक नीरज बैसोया, नगर पार्षद शरद कपूर, स्कूल के प्राचार्य श्रीनिवास तिवारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि आज हमारे नन्हे विद्यार्थियों के बीच होना मेरे लिए गर्व का विषय है। स्वयं एक सरकारी स्कूल में पढ़े होने के कारण यह मेरे लिए घर वापसी जैसा है। आज हम जो ये बैग दे रहे हैं, ये केवल किताबें रखने के लिए नहीं हैं, बल्कि इनमें बच्चों के सपने हैं जो उन्हें उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएंगे। हमारे शिक्षक, जो सबसे योग्य हैं, वे इन बच्चों के भविष्य को आकार देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह एक सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है बच्चों के सपनों को साकार करने के लिए सरकार, समुदाय और पार्टनर मिलकर काम कर रहे हैं।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि शिक्षकों से आह्वान किया कि वे शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए अधिक से अधिक योगदान दें। शिक्षक अपना पूरा ध्यान उस चीज़ पर केंद्रित कर सकें जो सबसे अधिक मायने रखता है वह चीज है बच्चों की शिक्षा।

## तीन स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में गुरुवार सुबह कम से कम तीन निजी स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल प्राप्त हुए। इसके बाद कई सुरक्षा व जांच एजेंसियों ने तलाशी अभियान शुरू किया। इन स्कूलों में चाणक्यपुरी स्थित ब्रिटिश स्कूल, संस्कृति पब्लिक स्कूल और बाराखंभा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल शामिल था।

पुलिस के अनुसार सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता और अग्निशमन विभाग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और एक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। कई घंटों के तलाशी अभियान के बाद भी कुछ संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद इसे हॉक्स कॉल करार दिया गया। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ई मेल किसने भेजा था।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**मु.न. 797 दिनांक 15/10/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- आरती।
पति का नाम- पकंज।
पता - वासी गाँव नंगला भूज जिला कांसगंज UP हाल किरायेदार मकान संदीप नजदीक शराब का ठेका गांव नाथुपुर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 20 वर्ष।
कद - करीब 5 फुट।
हुलियाः रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, मजबूत शरीर है।
पहनावाः - पीले रंग का सुट, काले रंग की सलवार व पैरो में चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 26.10.2025 को आरती पत्नी पकंज वासी गाँव नंगला भूज जिला कांसगंज UP हाल किरायेदार मकान संदीप नजदीक शराब का ठेका गांव नाथुपुर जिला सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कही चली गई है। अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना बरोदा में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं। तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

**प्रबन्धक थाना कुण्डली मो. नं. :-7419410537,**
**अनुसंधानकर्ता मो. नं. :- 8059581886,**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत :- 0130-2222903,100**

**हस्ता/–अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।,**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4143/2026/40493/88/7 दि. 20.11.2025


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
नए रिश्तों की शुरूआत, हीरो पे सवार.
XTREME 125R
एक्स-शोरूम कीमत
₹98 839 ₹89 000#
लाभ ₹9 839
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
FESTIVE TREATS
Powered by pine labs
प्रतिदिन EMI ₹89$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹1999$ से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Xtreme 125R in Delhi.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero - 9289922381, Okhla Phase II: ARC Hero- 9289922461, East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero- 9289922380, Pushta Kartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero- 9289923222, North Delhi: Azadpur: Shraman Hero- 9289923185, Pitampura: Shraman Hero – 9289924252, Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597, Budh Vihar: JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero- 9289922671, Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero- 9289922796, Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero, 9289922530, Raja Puri: Singla Hero- 7836078383, Samalkha: Singla Hero - 7836078484, Janak Puri: Singla Hero - 9911884416, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310; Ghaziabad: Meerut, Delhi Road: Globe Hero- 9289922073, Shiv Puri, Vijay Nagar: Aman Hero- 9289232123; Sahibabad: Sahib Hero- 9289922486; Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero- 9289923044, Sector 5, B 124: Uppal Hero - 9289922462, Sector-58 C-70: Singla Hero- 9289923059; BulandShahr: Delhi Road: Shri Durga Hero- 9289922504, RajeBabu Road: Krishna Hero- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Wazirabad: Himgiri Hero- 9289924247, Railway Road: Himgiri Hero- 9289924248; Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, NIT: Sehgal Hero- 7217627327.

## खबर संक्षेप

### वाहन चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस 2 की टीम ने वाहन चोरी कर बेचने व खरीदने वाले सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध वरुण कुमार दहिया ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि दिनेश वासी शाहजहांपुर फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सीकरी में दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अपनी मोटरसाइकिल चिराग रिजॉर्ट की पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया था।

### आरटीओ चालान के नाम पर 79 हजार ठगे

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में कंपनी के व्हाट्सएप ग्रुप में आरटीओ एपीके फाइल




भेजकर अकाउंट से 79,800 रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भांगरौला गांव निवासी हितेश ने बताया कि वह आरकेसीओ ग्रुप कंपनी में काम करता है।

### वाहन की टक्कर से कैब चालक की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया में अज्ञात वाहन की टक्कर से कैब



चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार, यूपी के एटा निवासी विकास कुमार कैब पर चालक था। वह बुधवार को कैब लेकर फर्रुखनगर की ओर आया हुआ था। बुधवार की देर शाम विकास कुमार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विकास को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# जनभागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति : अतुल गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाज़ियाबाद

आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और शहर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी ने गाजियाबाद विधानसभा में पदयात्रा निकाली।

पदयात्रा में क्षेत्र की जनता, सामाजिक संगठनों, व्यापारी वर्ग, युवा संगठनों, महिला मोर्चा एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पदयात्रा का शुभारंभ सांसद अतुल गर्ग, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल तथा शहर विधानसभा विधायक संजीव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले अतिथियों ने सामूहिक पूजा-अर्चना भी की। अतिथियों ने जनभागीदारी को लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति बताया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि शहर विधानसभा की यह पदयात्रा आत्मनिर्भर भारत, स्थानीय उद्यमों के प्रोत्साहन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है। जनता की सहभागिता ही वास्तविक विकास का आधार है। स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि स्थानीय समस्याओं का समाधान क्षेत्रीय भागीदारी के बिना संभव नहीं। यह पदयात्रा समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करेगी और सकारात्मक संवाद का माध्यम बनेगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब यह केवल सरकारी नीति न रहकर सामाजिक जन-पहल के रूप में प्रत्येक नागरिक तक पहुँचे। इस पदयात्रा के माध्यम से शहर विधानसभा में जनसंपर्क को नई गति मिली है। पदयात्रा का समापन प्रताप विहार स्थित स्वदेशी चौक पर हुआ, जहाँ स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारी समुदाय ने यात्रा का स्वागत किया। समापन स्थल पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि पदयात्रा में जनता की उत्साहपूर्ण भागीदारी यह दर्शाती है कि शहर विधानसभा विकास, पारदर्शिता और सुशासन के मार्ग पर एकजुटता के साथ आगे बढ़ रही है। हम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व अध्यक्ष बलदेव राज शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, पवन गोयल, बृजपाल तेवतिया, सूदन रावत, पूर्व अध्यक्ष अमर दत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरदार एस.पी. सिंह, पप्पू पहलवान, पार्षद राजीव शर्मा, सुनील यादव, मोनिका पंडिता, संदीप त्यागी, गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम आदि।

**गाजियाबाद में भाजपा ने निकाली आत्मनिर्भर भारत यात्रा**



### विधायक अदलखा बोले- जिला में ग्रामीण व शहरी विकास समान रूप से बढ़ रहा आगे

# गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी प्राथमिकता: कृष्णपाल

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया ट्यूबवेलों के निर्माण कार्य का उद्घाटन, बड़खल विधायक धनेश अदलखा भी रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जबसे केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तबसे देश भर के सभी राज्यों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुवार को गांव अनंगपुर और गांव भाकरी में लगभग 01 करोड़ 50 लाख की लागत से लगने वाले ट्यूबवेलों के निर्माण कार्य का विधिवत तरीके से गांव के बुजुर्गों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार ने सबका साथ-सबका विकास की नीति को पूरी तरह से अपनाया है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास और सरकारी सेवाओं के लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जो काम पहले कभी नहीं हो पाए, वे आज हो रहे हैं और यह सब प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में हो रहा है। गांवों के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और हम सभी मिलकर अपने प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की योजनाओं का उद्देश्य केवल शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में लाना है।

बड़खल विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अब 24 घंटे बिजली की आपूर्ति हो रही है, पीने के पानी की समस्या कम हुई है और लोगों को अन्य मुलभूत सुविधाएं भी मुहैया कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोगों ने सरकार के इन कार्यों की सराहना की है और यह विकास हरियाणा में विशेष रूप से महसूस किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के सार्वजनिक स्थलों, जैसे स्कूल और गांव को चौपालों के सौंदर्यीकरण की योजना बनाई गई है ताकि गांव का सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाएं बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी दिशा में पूरे शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए बहुआयामी कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद वीरेंद्र भड़ाना, पार्षद जगत भड़ाना, गांव के सरपंच, पंचायत सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### फरीदाबाद में पैरा स्पोर्टस कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पैरालिंपिक भवन में आज पैरा स्पोर्टस कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन ऑफ हरियाणा की अध्यक्ष एवं हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अपने कर कमलों से रिबन काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार दिव्यांग खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पैरालिंपिक भवन प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए नई संभावनाओं का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोर्टस हरियाणा की नई पहचान बनकर उभरेगा।

अपने संबोधन में पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन सत्यनारायण ने कहा कि हरियाणा में पैरा स्पोर्टस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया एवं पैरा स्पोर्टस एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राव इंदरजीत सिंह का विशेष योगदान रहा है।

### दूसरी यूनियन से 30 कर्मचारियों होंगे शामिल

# बिजली कर्मचारी 26 नवंबर को एसीएस पावर के पंचकूला मुख्यालय पर करेंगे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज (एएचपीसी) वर्कर यूनियन के बेनर तले खेड़ी कलां सब डिवीजन में बिजली कर्मचारियों की आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के नेतृत्व द्वारा एचकेआरएन और नई भर्ती सहित अन्य सभी श्रेणी के कर्मचारियों की मांगों को ईमानदारी से उठाने तथा सरकार व प्रबंधन की जन एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज बुलंद करने की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर करीब तीन दर्जन कर्मचारियों ने दूसरी यूनियन को छोड़कर एएचपीसी वर्कर यूनियन में शामिल होने का ऐलान किया। इन सभी कर्मचारियों का अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लाम्बा मान सम्मान का भरोरा दिलाया।

#### सरकार पर मांगों की अनदेखी का आरोप

यूनियन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शब्बीर अहमद गनी ने कर्मचारी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व निगम प्रबंधन कर्मचारियों की लंबित मांगों की अनदेखी कर जन एवं कर्मचारी विरोधी नीतियों को आक्रमकता से लागू कर रहे हैं। एचकेआरएन कर्मचारियों को रेगुलर करने की बजाय नौकरी से निकालने के तरीके ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। इंटरयूटीलिटीज ट्रांसफर की मांग को गंभीरता से लेने की बजाय आनलाइन के नाम से हर साल ट्रांसफर किए जा रहे हैं।

#### 30 जनवरी को संसद के समक्ष प्रदर्शन

इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया (ईईएआई) के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिजली वितरण प्रणाली का पूरी तरह निजीकरण करने का ऐलान कर दिया है और इसके लिए बजट सत्र में बिजली अमेंडमेंट बिल 2025 लाया जा रहा है।

### एलिवेटेड फ्लाईओवर पर 35 फीट लंबा तथा 72 फीट चौड़ा समृद्धि द्वार बनेगा

# शहर के चार प्रमुख चौराहों पर 20 फीट के लगेंगे आकर्षक स्कल्पचर, निविदा प्रक्रिया पूर्ण

**टीम को एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम ने सौंदर्यीकरण के लिए पांच प्रमुख चौराहा का चयन करते हुए निगम अधिकारियों ने कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। जिसमें निविदा प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। आगामी 7 दिन के भीतर धरातल पर कार्य प्रारंभ करने की निगम द्वारा योजना बनाई जा चुकी है।

प्रथम चरण में शहर के चार प्रमुख चौराहों को लिया गया है जिसमें 20-20 फीट के स्कल्पचर लगाए जाएंगे तिगड़ी गोल चक्कर पर स्तंभ आफ इंडस्टरीज एंड इनोवेशन, डायमंड फ्लाईओवर चौराहे पर टेक्टोनिक ब्लूम, आनंद विहार एंट्री पॉइंट पर अन्नदाता शिखर स्कल्पचर, रोटरी जंक्शन गोल चक्कर पर कोड ऑफ प्रोग्रेस आकर्षक स्कल्पचर लगाए जाएंगे जो की न केवल शहर की सुंदरता



को बढ़ाएंगे बल्कि उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद की एक अलग पहचान बनाने में भी सहयोग करेंगे। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए शहर की स्वच्छता पर विशेष कार्य कर रहा है। वही गाजियाबाद को भव्यता प्रदान करने के लिए भी निगम अहम भूमिका निभाएगा जिसके लिए गाजियाबाद में आकर्षक और सुंदर विशाल एंट्री गेट बनाने का कार्य तथा प्रमुख चयनित चौराहा पर अद्भुत कलाकृतियों से सौंदर्यकरण का कार्य कराया जाएगा,।

निर्माण विभाग तथा संबंधित टीम को एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। एलिवेटेड फ्लाईओवर पर 35 फीट लंबा तथा 72 फीट चौड़ा समृद्धि द्वार बनाया जाएगा, यूपी गेट एंट्री पर 55 फीट लंबा तथा 228 फीट चौड़ा सूर्य प्रकाश द्वार बनाया जाएगा जो की बहुत ही आकर्षक और मनमोहन होंगे अद्भुत कलाकृति से सुसज्जित भी होंगे, शहर को सुंदर बनाना गाजियाबाद नगर निगम की जिम्मेदारी है जिसके लिए हर उम्मीद पर खरा उतरना बहुत जरूरी है।

### मासूम की हत्या कर शव टुकड़ों में काटा, केएमपी की ग्रीन बेल्ट में मिला सिर और एक पैर

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में केएमपी की ग्रीन बेल्ट में मासूम का एक पैर और सिर मिलने से इलाके में सनसनी मच गई। दिल दहला देने वाले इस वारदात में मासूम की हत्या कर शव को क्षत विक्षत कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची बिलासपुर थाना पुलिस सहित क्राइम सीन टीम ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि शव करीब चार दिन पुराना है। ऐसे में पुलिस ने गुरुग्राम ही नहीं बल्कि आसपास जिलों में गुमशुदा हुए 6 से 7 साल के बच्चों का रिकॉर्ड खंगाला शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, गांव कलवाड़ी के रहने वाले उमेश ने बताया कि वह खेतों में गया था। कल शाम को उसे एक मासूम का बाया पैर और सिर पड़ा दिखाई दिया। मासूम के चेहरे को बुरी तरह से कुचला गया था। ऐसे में उसने पुलिस को इसकी सूचना दी।

# फर्जी तरीके से जमीन का इकरारनामा कर 49 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

तरीके से जमीन का इकरारनामा कर 49 लाख रुपए को धोखाधड़ी करने वाले ठग को मुरादनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि 21 अगस्त को थाना मुरादनगर पर सचिन कुमार निवासी ग्राम सदरपुर



ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिये गये रामकिशन ने भूमि खाता सं0 00906 खसरा सं0 705 मि. रकबई 0.6850 है का इकरानामा कर 48 लाख 80 हजार रुपए ले लिए जबकि आरोपी पूर्व में भी इस भूमि का इकरारनामा बी एन कपरवान के साथ भी कर चुका था। आरोपी रामकिशन नेहा, तन्नू व बबीता ने उसपर हमला कर जान के मारने की नियत से सरिया से वादी के सिर पर हमला करना जिससे बेहोश हो जाने व जान से मारने की धमकी दी।

### बेलगाम ट्राले ने सिपाही को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 थाना एरिया में बुधवार की रात एक बेलगाम ट्राला ने वाहनों की जांच कर रहे एक सिपाही को कुचल दिया। हादसे में सिपाही की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82Cr.P.C देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय कुमार उर्फ खौफ** पुत्र **छोटेलाल** निवासी : **ई–86, लक्ष्मी पार्क, नांगलोई, दिल्ली** ने **FIR. No. 472/20 U/S 454/380/411/34 IPC.** के अंतर्गत **थाना : नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय कुमार उर्फ खौफ** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय कुमार उर्फ खौफ** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 472/2020 U/S 454/380/411/34 IPC. थाना : नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय कुमार उर्फ खौफ, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 22.12.2025 को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री विजयश्री राठौड़, जेएमएफसी–10, पश्चिम, कमरा नंबर 345, तीस हजारी कोर्ट दिल्ली**

**DP/15577/OD/2025**
**(court matter)**

### 10 साल के बकाया बोनस और 18 माह के डीए का भुगतान न करने पर नाराज

# रोडवेज कर्मचारी बल्लभगढ़ बस स्टैण्ड पर भूख हड़ताल पर बैठे




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन की राज्यस्तरीय भूख हड़ताल पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड के जिला प्रधान जयपाल राठी की अध्यक्षता में भूख हड़ताल करके सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। जिसका संचालन डिपो सचिव मोहम्मद जुबेर ने किया। प्रधान जयपाल राठी ने हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार कर्मचारी विरोधी है सरकार ने जो लाकडाउन के समय किलोमीटर स्कीम की बसों के मालिकों को तो 50 करोड़ राशि का भुगतान किया है इसके विपरीत हरियाणा सरकार ने रोडवेज के कर्मचारियों के भत्तों में कटौती करते हुए धुलाई भत्ता में कटौती की है व 18 माह के डीए के भुगतान व 10 साल के बकाया बोनस के भुगतान पर कोई ध्यान नहीं दिया। उससे प्रतीत होता है मौजूदा सरकार केवल पूंजीपतियों के हित के बारे में सोचती है।

# ट्रेन में महिला के बैग से नकदी, गहने व सामान चोरी

**गुरुग्राम।** योगा एक्सप्रेस ट्रेन में 02 नवंबर को अजमेर से दिल्ली तक सफर कर रही महिला यात्री का बैग किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। बैग में नकदी, गहने सहित अन्य सामान रखा था। महिला यात्री की शिकायत पर गुरुग्राम रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज करके पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस को दी शिकायत में पूर्वी दिल्ली के मानक विहार निवासी ऊषा मनकानी ने बताया कि वह 2 नवंबर को योगा एक्सप्रेस ट्रेन में अजमेर से दिल्ली तक सफर कर रही थी। रात के समय वह अपनी सीट पर सो रही थी। जब ट्रेन सुबह करीब 3 बजे पटौदी रोड रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तो उसकी नींद खुली।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में जाखल धारसुल रोड से रेलवे स्टेशन कि.मी. 0 से 1.100 तक रोड पर सीसी पेवमेंट का प्रावधान (आईडी 5527) | 18.11.2025 28.11.2025 | 173.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में हमजापुर से सेहनाल रोड कि.मी. 0 से 1.30 पर चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 5565)। | 18.11.2025 25.11.2025 | 60.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज भिवानी | गांव ढाणी रहीमपुर ब्लॉक तोशाम में पानी की टंकी का निर्माण, डीपी + 10 कार्य। | 19.11.2025 24.11.2025 | 51.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | खैराना ब्लॉक कनीना - उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य। | 19.11.2025 26.11.2025 | 130.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज नारनौल | मंडलाना ब्लॉक नारनौल - स्टेडियम से हाईवे एनएच-11 अण्डर पास की तरफ आईपीबी रास्ता का निर्माण + 9 कार्य। | 18.11.2025 25.11.2025 | 342.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 6 | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां, सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में तीन कार्यों + स्थापना सहित इंडोर जिम के लिए उपकरणों को खरीदने हेतु निविदा के लिए (कैटेगरी-गुड्स) विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 20.11.2025 09.12.2025 | 20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9728972827 Bpsgmc.purchase@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**  पीआरडीएच-11/2026/120/40512/I/88/7 दि. 20.11.25

## दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी जानकारी

# दिल्ली जल बोर्ड ने द्वारका संयंत्र के संचालन के लिए रॉ वाटर पुनर्वितरण योजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की बढ़ती जल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली जल बोर्ड ने आगामी 50 एमजीडी के द्वारका जल शोधन संयंत्र के संचालन के लिए एक व्यापक रॉ वाटर पुनर्वितरण योजना को अंतिम रूप दे दिया है। यह योजना ओखला, वजीराबाद, निलोठी और द्वारका के प्रमुख ट्यूबवेल क्लस्टर्स में उपलब्ध भूजल संसाधनों के रणनीतिक पुनर्वितरण के माध्यम से दिल्ली की नई और अत्यंत महत्वपूर्ण जल अवसंरचना परियोजना के लिए निर्बाध कच्चे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

इस बात की जानकारी गुरुवार को दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित योजना के अनुसार कुल 228 ट्यूबवेल से 22.8 एमजीडी कच्चे पानी का संवर्धन किया जाएगा, जिसे ओखला जल शोधन संयंत्र, वज़ीराबाद जल शोधन संयंत्र, नांगलोई जल शोधन संयंत्र और नए द्वारका जल शोधन संयंत्र को आपूर्ति किया जाएगा। यह पूरी प्रणाली मौजूदा जल ढांचे को प्रभावित किए बिना कच्चे पानी के स्त्रोतों का वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग सुनिश्चित करेगी।

### दिल्ली की बढ़ती आबादी को आधुनिक जल समाधान चाहिए, बहाने नहीं : प्रवेश

**नई दिल्ली।** जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी को आधुनिक जल समाधान चाहिए, बहाने नहीं। 50 एमजीडी द्वारका संयंत्र का संचालन, राजधानी की भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। वहीं परियोजना की जवाबदेही और पारदर्शिता-आधारित कार्यशैली पर जोर देते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि जल की हर बूंद महत्वपूर्ण है। हमारा विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि दिल्ली को उसका उचित जल हिस्सा पूरी पारदर्शिता और वैज्ञानिक योजना के साथ मिले। उन्होंने कहा कि यह केवल भूजल का पुनर्वितरण नहीं है, यह जिम्मेदारी का पुनर्वितरण है। जिन प्रणालियों को वर्षों तक नजरअंदाज किया गया था, उन्हें हम सुधार रहे हैं और दिल्ली के लोग इसका प्रत्यक्ष लाभ महसूस करेंगे।

### दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में जल आपूर्ति को मिलेगा बड़ा लाभ

**नई दिल्ली।** मंत्री प्रवेश ने कहा कि 50 एमजीडी द्वारका जल शोधन संयंत्र के संचालन के बाद द्वारका, नजफगढ़, पालम, डाबरी और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा। इन क्षेत्रों में लंबे समय से पीक-ऑवर पर जल दबाव में कमी की समस्या रही है, जिसे यह परियोजना स्थायी रूप से दूर करेगी। नया संयंत्र दिल्ली की बाहरी जल स्त्रोतों पर निर्भरता कम करेगा और पश्चिम एवं दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की जल आपूर्ति व्यवस्था में स्थिरता लाएगा। दिल्ली जल बोर्ड अधिकारी अब कार्यान्वयन के चरण में प्रवेश कर रहे हैं। योजना को चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा ताकि मौजूदा जल आपूर्ति बाधित न हो।

## सोनिया विहार ऑनशोर प्रोजेक्ट से दिल्ली के रिवर टूरिज्म को मिलेगी नई दिशा : कपिल



- सोनिया विहार ऑनशोर सुविधा परियोजना को लेकर कपिल मिश्रा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** यमुना को दिल्ली की नई पहचान बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'सोनिया विहार ऑनशोर प्रोजेक्ट' दिल्ली के रिवर टूरिज्म को नई दिशा देगा। सभी विभाग समन्वित तरीके से, उच्च गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय-सीमा में कार्य करें। यह दिल्ली के भविष्य का प्रोजेक्ट है और इसे तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ाया जाएगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने योजना के लेकर दिल्ली सचिवालय में एक समीक्षा बैठक करने के बाद कही। इस बैठक में इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडब्ल्यूएआई) दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड एवं दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में यमुना तट पर विकसित की जा रही तटवर्ती सुविधा, नदी पर्यटन गलियारा और क्रूज/ फेरी सर्विस से संबंधित प्रगति, आवश्यक अनुमतियां, साइट सर्वे, पर्यावरणीय अनुपालन तथा निर्माण-पूर्व गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मंत्री कपिल मिश्रा की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए तेजी से प्रयास करेंगे। यमुना क्षेत्र में सभी गतिविधियां एनजीटी के पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संचालित होंगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो तथा सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं।

**फांसी घर मामला**

## पेश नहीं हुए आप नेता, विशेषाधिकार समिति तय करेगी अग्रिम कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिरला की लगातार दो बार अनुपस्थिति पर समिति ने लिया संज्ञान

फांसी घर मामले में गुरुवार को विधानसभा में आयोजित हुई विशेषाधिकारी समिति की बैठक में एक बार फिर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और अन्य आप नेता मनीष सिसोदिया, राम निवास गोयल और राखी बिड़ला उपस्थित नहीं हुए। इस पर समिति ने संज्ञान लेते हुए विचाराधीन मामले में आगे की कार्रवाई तय करने का निर्णय लिया है। इस बात की जानकारी विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत ने गुरुवार को दी है। राजपूत ने कहा कि इससे पहले आयोजित बैठक में भी आप नेता समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

लगातार दोनों बैठकों में अनुपस्थित रहने पर समिति ने आगे की कार्यवाही तय करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सदन में 9 अगस्त 2022 को दिल्ली विधान सभा परिसर में उद्घाटित 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से संबंधित विषय को उठाया था। इसके उपरांत मामले की विस्तृत जांच के लिए इसे विशेषाधिकार समिति को निर्देशित किया गया था। अपनी चल रही जांच के क्रम में समिति की आज की बैठक विशेष रूप से 'फांसी घर' की प्रामाणिकता से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार-विमर्श हेतु निर्धारित की गई थी।

विशेषाधिकार समिति की बैठक उद्घाटन से संबंधित परिस्थितियों की व्यापक एवं निष्पक्ष पड़ताल के लिए आवश्यक तथ्यात्मक तथा प्रक्रियात्मक मूल्यांकन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। विशेषाधिकार समिति में अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह राजपूत, सूर्य प्रकाश खत्री, अभय कुमार वर्मा, अजय कुमार महावर, सतीश उपाध्याय, नीरज बसोया, रवि कांत, राम सिंह नेताजी एवं सुरेन्द्र कुमार शामिल हैं। समिति ने पारदर्शिता, जवाबदेही और संस्थागत अखंडता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। समिति ने स्पष्ट किया कि निष्पक्ष और व्यापक जांच पूर्ण करने के लिए सभी संबंधित व्यक्तियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

### भाजपा सरकार विशेषाधिकार समिति का कर रही ड्रामा : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा सरकार द्वारा आठवीं दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को राजनीतिक हथियार बनाने की कड़ी निंदा की है। समिति ने तथाकथित 'फांसी घर' मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व स्पीकर राम निवास गोयल और पूर्व डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला को कई विशेष बैठकों के लिए नोटिस भेजे हैं। आप का कहना है कि भाजपा दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण संकट और बदहाल जनसुविधाओं से दिल्लीवालों का ध्यान हटाने के लिए विधायी समितियों का दुरुपयोग कर रही है। आप ने कहा कि जो घटना बताई जा रही है, वह अगस्त 2022 की है, जब सातवीं विधानसभा चल रही थी।

### पानी छिड़काव की व्यवस्था पूरी दिल्ली में लागू करे भाजपा सरकार : जरनैल सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिलक नगर विधानसभा से विधायक जरनैल सिंह गुरुवार को वह पंजाबी बाग स्थित वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग पहुंचे, जहां लगे एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन पर वाटर स्प्रिंकलर मशीन से लगातार पानी का छिड़काव होता पाया। उन्होंने कहा कि अगर पानी छिड़कने से हवा साफ हो रही है तो भाजपा सरकार को पूरी दिल्ली में ये व्यवस्था लागू कर देनी चाहिए। एक्यूआई का डेटा अच्छा दिखाने के लिए सिर्फ मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पानी का छिड़काव क्यों किया जा रहा है। पर्यावरण मंत्री के घर के आसपास दिन-रात पानी छिड़का जा रहा है, क्या बाकी दिल्ली को साफ हवा लेने का हक नहीं है। जरनैल सिंह ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि दिल्ली में जहरीली हवा से बचने का तरीका तो मिल गया, लेकिन यह तरीका सिर्फ एक ही जगह लागू है। उन्होंने कहा कि पंजाबी बाग स्थित वशिष्ठ कुमार गुल्ला मार्ग पूरी तरह हरियाली से घिरा हुआ है और यहां 24 घंटे वाटर स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इस वजह से सड़क पर धूल नहीं उड़ रही है और यहां लगा वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग स्टेशन हमेशा एक्यूआई को अच्छा दिखाता है। इसी मार्ग के ठीक पीछे दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का निवास स्थान है। जरनैल सिंह ने मांग की है कि जब तक दिल्ली में एक्यूआई गंभीर बना हुआ है तब तक युद्ध स्तर पर प्रदूषण से लड़ने के सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। पूरी दिल्ली में लगातार वाटर स्प्रिंकलर चलाए जाएं और दिल्लीवासियों पर रहम किया जाए। भाजपा की दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी है कि साफ हवा का इंतजाम सिर्फ एक व्यक्ति या एक इलाके तक सीमित न रहे, बल्कि पूरे दिल्ली के लोगों को मिले।

## डीडीए की टावरिंग हाइट्स आवास योजना का आज अंतिम दिन, करीब 1600 ने कराया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की पहली कड़कड़डूमा स्थित टावरिंग हाइट्स अपने घर का सपना सच करने का आज शुक्रवार को अंतिम दिन है। इस योजना में अब तक करीब 1600 लोगों ने पंजीकरण कराया है, उनकी संख्या अंतिम दिन बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस योजना को लोगों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है।

यही कारण है कि अभी तक तय फ्लैटों की संख्या से कहीं अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके है, जबकि रजिस्ट्रेशन और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर 2025 है। डीडीए ने बताया कि राजधानी की ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) परियोजना के अंतर्गत यह पहली परियोजना है। यह रेरा द्वारा अनुमोदित 48 मंजिला, 155 मीटर ऊंचे आवासीय टॉवर में 1,026 प्रीमियम 2 बीएचके फ्लैटों की पेशकश, यह दिल्ली की सबसे ऊंची रेजिडेंशियल बिल्डिंग हो चुकी है। डीडीए ने बताया कि ई-नीलामी के लिए 19 नवंबर 2025 बुधवार तक लगभग 1,500 बोलीदाताओं ने रजिस्ट्रेशन करा लिया था, जबकि गुरुवार को आंकड़ा नहीं मिल सका। डीडीए ने दिल्ली की सबसे ऊंची इमारत में अपना घर खरीदाने वालों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रीमियम आवासीय टावर में सीमित फ्लैटों का लाभ उठाने के लिए आज रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 21 नवंबर तक अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

करीब 30 हेक्टेयर में फैले, ईस्ट दिल्ली हब को एक विश्व स्तरीय मिश्रित उपयोग वाले शहरी केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो आवासीय, वाणिज्यिक और नागरिक स्थानों को एक जीवंत, पैदल यात्री-अनुकूल वातावरण में एकीकृत करेगा। एनबीसीसी के परियोजना प्रबंधन पर्यवेक्षण के अंतर्गत डीडीए द्वारा विकसित इस परियोजना में कई प्रकार की प्रीमियम सुविधाएं शामिल हैं, जिनमें 20,000 वर्ग मीटर का एक विशाल केंद्रीय हरित क्षेत्र, एक परिधीय जॉगिंग ट्रैक, किड्स प्ले एरिया और ओपन-एयर जिम, बहुउद्देश्यीय क्रिकेट फील्ड, बैडमिंटन कोर्ट और पर्याप्त लैंडस्केप वाले ओपन स्पेस शामिल हैं। प्रतिष्ठित स्कूलों, मल्टी-स्पेशलिटी अस्पतालों, शॉपिंग सेंटरों और कार्यालय परिसरों की निकटता का भी लोगों को लाभ मिलेगा, जो सभी पैदल दूरी पर हैं।

कड़कड़डूमा इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन के बगल में स्थित यह परियोजना ब्लू और पिंक, दोनों लाइनों के ज़रिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करती है, साथ ही एनएच-9 और एनएच-24 जैसे प्रमुख राजमार्गों तक आसान पहुँच भी प्रदान करती है। आनंद विहार रेलवे स्टेशन और आईएसबीटी आनंद विहार से इसकी निकट पहुंच को और बेहतर बनाती है, जिससे यह आधुनिक शहरी परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प बन जाता है।

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया उपचुनाव में जीत का मंत्र

### वीरेन्द्र सचदेवा ने विनोद नगर वार्ड एवं ग्रेटर कैलाश वार्ड में कार्यकर्ताओं को किया सम्बोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने विनोद नगर वार्ड एवं ग्रेटर कैलाश वार्ड में कार्यकर्ता बैठकों को सम्बोधित कर कार्यकर्ताओं को उपचुनाव में जीत का मंत्र 'भाजपा समर्थकों के वोट लंच टाइम से पहले डलवाने का दोहराया' और कहा कि यह उपचुनाव दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आप) की सफाई का अवसर है। सचदेवा ने कहा कि विनोद नगर में आप ने एक भ्रष्टाचार में लिप्त प्रत्याशी को उतारा है तो ग्रेटर कैलाश जो भाजपा का गढ़ है वहां आप के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज धनबल के सहारे जीत ढूंढने निकले हैं पर दोनों वार्ड की जनता भ्रष्टाचार एवं धनबल को हराकर दम लेगी। वहीं संगठन महामंत्री पवन राणा ने चांदनी महल वार्ड में संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने प्रदेश मंत्री विनोद बछेती आदि के साथ विनोद नगर वार्ड में एक बड़ी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया और कहा कि विनोद नगर वार्ड की जनता ने आप नेतृत्व द्वारा वार्ड पर भ्रष्टाचार का मुखौटा लगाने के प्रयास को गंभीरता से लिया है और जनता आप को पूरी तरह नकारने का मन बना चुकी है।

सांसद मनोज तिवारी एवं कमलजीत सहरावत ने पोचनपुरी, द्वारका बी वार्ड में एक सभा को सम्बोधित किया। मनोज तिवारी ने कहा की दिल्ली में यमुना किनारे छठ पूजा करवा कर भाजपा ने पूर्वांचल वासियों का ऐसा दिल जीता है कि दिल्ली से बिहार तक भाजपा की बहार है और द्वारका बी सहित दिल्ली में उपचुनाव के सभी 12 वार्डों में पूर्वांचलवासी भाजपा को समर्थन देंगे। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल एवं विधायक संजय गोयल ने शालीमार बाग वार्ड में और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता एवं विधायक चंदन चौधरी ने दक्षिणपुरी वार्ड में नुक्कड सभाओं को सम्बोधित किया।

वहीं संगम विहार ए वार्ड में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, विधायक रवि कांत, एनडीएमसी सदस्य दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने और चांदनी चौक वार्ड में निगम पार्षद योगिता सिंह, प्रदेश मंत्री सारिका जैन एवं अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अनीस अब्बासी ने समाज बैठकों को सम्बोधित किया।

### मुख्यमंत्री ने लाल किला क्षेत्र का किया दौरा, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस समागम होगा यादगार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार द्वारा पहली बार लाल किले पर मनाए जाना वाला गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस समागम यादगार होगा। यह बात गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लाल किले में जाकर आगामी गुरमत समागम के लिए की जा रही तैयारियों की जायजा लेने के दौरान कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समयबद्ध तथा उच्च गुणवत्ता के साथ सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, लाइट व्यवस्था, पीने के पानी और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता सहित सभी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को पूरे देश में अत्यंत श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। दिल्ली में भी इस अवसर पर तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया गया है, जो 23, 24 और 25 नवंबर को लाल किले पर आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक स्थल गुरु साहब के बलिदान का साक्षी है, और पूरे देश तथा दिल्ली के लोग इस समागम में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं।

### तीन दिवसीय समागम में होंगे कई कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस तीन दिवसीय समागम में कई कार्यक्रम होंगे, जिनमें गुरु साहब के जीवन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण साक्ष्यों और कथाओं को प्रदर्शित करने वाला भव्य म्यूजियम शामिल है। लाल किले की प्राचीर पर लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा, और सात संगत सत्संग और संकीर्तन प्रस्तुत करेगी।

### मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री ने दिल्लीवासियों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह भव्य आयोजन सदियों में एक बार ही संभव होता है और सभी को गुरु साहब को नमन करने और उनके आशीर्वाद लेने का यह सुनहरा अवसर अवश्य लेना चाहिए। दिल्ली सरकार और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा।

## आप-भाजपा को वोटर देंगे झटका लोगों को कांग्रेस से उम्मीद: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में होने वाले निगम उपचुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पुन दावा कया है कि कांग्रेस इस बार भाजपा व आम आदमी पार्टी को तगड़ा झटका देने जा रही है। क्योंकि दिल्ली वाले आप व भाजपा से बहुत परेशान हो चुके है और अब उनकी अंतिम उम्मीद केवल कांग्रेस पर टिकी है। यादव ने कहा कि सभी 12 वार्डों पर हमारे उम्मीदवार भाजपा व आप पार्टी को प्रचार में पछाड़ रहे है।

इन वार्डों से मिल रहे लोगों व कार्यकर्ताओं के अपार समर्थन ने बता दिया है कि नतीजे कांग्रेस के पक्ष में आने वाले है। उन्होंने कहा कि प्रचार के दौरान मैं खुद अलग अलग वार्ड में देख रहा हूं कि लोग किस कदर कांग्रेस को वापस लाने के लिए मन बना चुके है। लोगों को आज भी कांग्रेस के 15 साल के शासन व निगम में कांग्रेस के दौरान हुए भ्रष्टाचार मुक्त विकास होते देखा है। लोग चाहते है कि दिल्ली वापस विकास की पटरी पर दौड़े, इसलिए कांग्रेस को वापस लाना होगा। उन्होंने कहा कि 12 साल लगातार आम आदमी पार्टी यानी अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली में जमकर भ्रष्टाचार करते हुए लोगों की जिंदगी नरक बना दी है। केजरीवाल ने आम आदमी के नाम पर खुद को किसी बादशाह से नीचे नहीं समझा और करोड़ों शीश महल बना डाला। केजरीवाल के शासन में दिल्ली शराब की नगरी बनकर रह गई थी। शिक्षा के नाम पर घोटाले पर घोटाले होते देख लोग टूट गए। उन्होंने कहा कि वहीं दिल्ली में गत करीब 9 महीनों से भाजपा की दिल्ली सरकार ने लोगों से किए वादे पूरे करना तो दूर उन पर बात तक करनी छोड़ दी है।



स्पेशल: वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे, 26 नवंबर

बच्चो, हमें स्वस्थ रहने के लिए हमारे पर्यावरण का स्वच्छ रहना बहुत जरूरी है। पर्यावरण यानी एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने के लिए सिर्फ बड़े ही नहीं बच्चे भी प्रयास कर सकते हैं। बच्चे कुछ सावधानियां बरतकर, कुछ छोटे-छोटे काम करके एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में कैसे अपना योगदान दे सकते हैं, जानो।

# छोटे-छोटे प्रयासों से बनो एन्वॉयर्नमेंट वॉरियर

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, आज दुनियाभर में बड़ों की सबसे बड़ी चिंता है, तुम्हारे लिए यानी नई पीढ़ी के लिए धरती को हरा-भरा रखने की। पानी बचाने के साथ ही साफ-सफाई और हवा को शुद्ध रखने के लिए भी दुनिया के हर कोने में लोग चिंतित हैं। 'वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे' इस फ्रंट पर अवेयरनेस लाने का दिन है। बच्चो, पर्यावरण को सहेजने की इस मुहिम में तुम भी अपनी भागीदारी निभा सकते हो। बहुत से छोटे-छोटे काम करते हुए एन्वॉयर्नमेंट को प्रोटेक्ट करने वाले वॉरियर बन सकते हो।



**अपनाओ ईको-कॉन्शस हैबिट्स:** बच्चो, ईको-कॉन्शस हैबिट्स पर्यावरण सहेजने से जुड़ी अवेयरनेस वाली आदतें होती हैं। ऐसी आदतें अपनाकर अपनी लाइफस्टाइल को कुछ यूं ढाल लिया जाता है कि हवा, पानी, मिट्टी पर नकारात्मक असर ना हो। अच्छी बात यह है कि इसके लिए अपने डेली रुटीन में कोई बड़ा बदलाव करने की जरूरत नहीं होती। छोटे-छोटे कदम उठाते हुए भी एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन में अपनी भागीदारी निभाई जा सकती है। जैसे अपनी सोसाइटी या कॉलोनी में ईको ग्रुप बनाकर आस-पास पेड़-पौधे लगाना, बाहर नहीं तो घर में ही एक प्लांट की देखभाल करना, कचरा ना फैलाना, खाना जूठा ना छोड़ना, पानी बचाना आदि। ईको कॉन्शस हैबिट्स सीधे-सीधे हवा, पानी और मिट्टी को सहेजने और साफ रखने से जुड़ी हैं। इनसे ही तो हमारा पर्यावरण बना है।

**कचरा घटाओ-ऊर्जा बचाओ:** बच्चो, वर्ल्ड एन्वॉयर्नमेंट प्रोटेक्शन-डे पर कचरा घटाने और ऊर्जा बचाने पर विशेष बल दिया जाता है। कचरा कम करना यानी कि स्वच्छ परिवेश और रिसोर्सेज का किफायती इस्तेमाल। वहीं ऊर्जा बचाना यानी बिजली, गैस या ऑयल का सोच-समझकर उपयोग करना। इसके लिए जब इस्तेमाल ना हो रहे हों तो लाइट, पंखे, टीवी और अपने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस को ऑफ करना ना भूलो। बच्चो, किसी भी तरह की एनर्जी प्रोडक्शन के लिए नेचुरल रिसोर्सेज ही यूज किए जाते हैं।

**अपनाओ 'थ्री आर' रूल:** बच्चो, पढ़ाई-लिखाई के साथ ही अपने आर्ट एंड क्राफ्ट को भी ईको फ्रेंडली बनाओ। पुराने पेपर्स के साथ भी अपनी कलाकारी दिखाओ। अपनी आर्ट बुक का कोई पेज खराब ना होने दो। इसके लिए 'थ्री आर' रूल अपनाओ। थ्री आर यानी-रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल। मतलब, कागज का कम इस्तेमाल, जितना संभव हो पेपर को दोबारा किसी न किसी काम में लेना और यहां-वहां फेंकने के बजाय इन्हें उचित ढंग से रिसाइकिल करने के लिए भेजना। ऐसा करने से हमारे आस-पास साफ-सफाई रहेगी और प्रदूषण कम होगा। साथ ही धरती की हरियाली भी कायम रहेगी।



**चुनो ईको फ्रेंडली सवारी:** गाड़ियों से निकलने वाला गरम जहरीला धुआं। डीजल, पेट्रोल, गैस की बढ़ती खपत और इन गाड़ियों से निकलने वाला शोर पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। बच्चो, यह कितना अजीब है न कि सुबह-शाम पार्क में दौड़ लगाने वाले लोग थोड़ी दूर भी पैदल नहीं चलते। आस-पास जाने के लिए भी गाड़ी का इस्तेमाल करते हैं। तुम तो अभी से ही हेल्थ और एन्वॉयर्नमेंट बिगाड़ने वाली इस आदत से दूर रहो। यूं भी तुम्हारे लिए तो साइकिल सबसे प्यारी सवारी है। आस-पास की किसी शॉप, फ्रेंड के घर, स्कूल या पार्क में खेलने साइकिल से जाओ। साइकिल चलाने से ना तो प्रदूषण होता है और न ही इसमें कोई फ्यूल यूज होता है। साइकिल से तो नॉइज पॉल्यूशन भी नहीं होता। हमारे लिए ईको फ्रेंडली सवारी का चुनाव हर तरह से अच्छा ही होता है। आज के समय में तो साइक्लिंग फिटनेस की एक जरूरी एक्टिविटी भी है। साइक्लिंग के अलावा, पैदल चलना, लिफ्ट के बजाय सीढ़ी चढ़ना जैसी आदतें भी नेचर को बचाने में मददगार बनती हैं। *

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

## पर्यावरण



आओ बच्चो प्यारे बच्चो!
पर्यावरण को साफ बनाएं।
हर जन को जाग्रत कर दें,
पॉलीथीन को दूर भगाएं।।
नदी ताल और नालों में,
मच्छर कभी पनप न पाएं।
बंजर भू में मेहनत करके,
नए पौध की रेल उगाएं।।
गमलों में बोनसाई बोकर,
बंगला फ्लैट सभी सजाएं।
जल और वायु जीवन अपना,
हर जन तक संदेश पहुंचाएं।।
खूब उगाकर पेड़ जहां में,
मौसम का संतुलन बनाएं।
करें दोस्ती प्रकृति से फिर
पर्यावरण सुंदर बनाएं।।

मम्मी जब नोटबुक के बचे पेजों को इस्तेमाल करने लगीं तो ऋषभ ने उन्हें नई नोटबुक देनी चाही, लेकिन मम्मी ने लेने से मना कर दिया। इसके पीछे उन्होंने जो वजह बताई, सुनकर ऋषभ चौंका। मम्मी ने जो बताया, बच्चो इसकी जानकारी तुम्हें भी होनी चाहिए।

## पेड़ और कागज



नॉलेज टॉक
पूजा भारद्वाज

मम्मी आप मेरी पुरानी नोटबुक में कहानी क्यों लिख रही हैं? मैं दूसरी ले आता हूं, मेरे पास रखी हैं नई नोटबुक्स।' आठ साल का ऋषभ अपनी मम्मी को पुरानी नोटबुक में लिखते देखकर बोला।

'नहीं बेटा, मुझे नई नोटबुक नहीं चाहिए। इसी में लिखूंगी मैं।' मम्मी ने नई नोटबुक लेने से इंकार कर दिया। 'लेकिन मम्मी यह तो भरी हुई है।' ऋषभ बोला। 'भरी कहां है? पूरे ग्यारह पेज खाली हैं इसमें। इतने बहुत हैं मेरे लिए।' मम्मी ने नोटबुक के खाली पन्ने दिखाए। ऋषभ बोला, 'लेकिन मम्मी वो बीच-बीच में छोड़े गए पेज हैं।' 'हां तो क्या हुआ, हैं तो पेज ही। लिखने के काम ही आने हैं।' कहकर मम्मी हंसीं। 'लेकिन मम्मी आप ऐसे बचे हुए पन्नों पर क्यों लिख रही हैं?' ऋषभ ने पूछा। 'कुछ पेड़ बचाने के लिए।' मम्मी ने तुरंत जवाब दिया। मम्मी की इस बात पर ऋषभ चौंका, 'पेड़.. वो कैसे बचेंगे?' मम्मी ने नोटबुक एक ओर रखकर उसे अपने पास बैठाया और प्यार से बोलीं, 'तुम्हें मालूम है ये पेज किससे बनते हैं?' ऋषभ ने ना में सिर हिला दिया। 'यह बनते हैं लुगदी से, और लुगदी बनाई जाती है पेड़ की छाल से। कागज का निर्माण पूरी तरह से पेड़-पौधों पर निर्भर होता है, क्योंकि कागज बनाने के लिए कच्चे माल हेतु लकड़ी की लुगदी, कपड़े का टुकड़ा, गेहूं की पुआल या भूसे का प्रयोग किया जाता है।' मम्मी ने पूरी जानकारी दी।

'परंतु पेड़ से ही क्यों बनाते हैं कागज?' ऋषभ ने उत्सुकता से पूछा। 'क्योंकि कागज बनता है सेल्यूलोज से। यह एक चिपचिपा पदार्थ होता है, जो पेड़ की लकड़ी में पाया जाता है।' मम्मी ने जानकारी दी।

'अच्छा..!' ऋषभ को बात समझ में आ रही थी। मम्मी ने आगे भी बताया, 'और हां, कागज सभी पेड़ों से नहीं बनता है। इसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले पेड़ हैं- चीड़, मैपल, ओक, सनोबर, बुर्ज, हेमलोक और लार्च आदि। क्योंकि इनकी लकड़ी में सेल्यूलोज अच्छी मात्रा में होता है। एक पेड़ से लगभग 8333 पेज बनते हैं। इस तरह केवल कागज के लिए हर साल दुनिया में चार से आठ अरब पेड़ काटे जाते हैं यानी, हर दिन अमूमन अस्सी हजार पेड़ कटते हैं, तुम्हारी इन कॉपी-किताबों को बनाने के लिए। इसलिए, हमें कभी भी कागज को बर्बाद नहीं करना चाहिए। इसका जितना हो सके उतना अधिकतम उपयोग करके ही रद्दी में डालना चाहिए और यह बात तुम्हें भी याद रखनी होगी, क्योंकि मैं अक्सर देखती हूं, तुम्हारी कॉपियों में बहुत से खाली पेज रहते हैं फिर भी तुम उन्हें रद्दी में फेंक देते हो। यह बहुत गलत बात है बेटा। फालतू में कागज कभी बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि पुराने कागजों से दोबारा नया कागज बन सकता है। कॉपी-किताबों को हम जितना बचाएंगे, सही तरीके से उपयोग करेंगे तो कुछ पेड़ों को बचाने में अपना योगदान दे सकेंगे। अब समझे मेरा बचे पन्नों पर लिखने का मतलब?' 'हां मम्मी, बिल्कुल समझ गया।' ऋषभ मुस्कुराते हुए बोला। 'तो करो प्रॉमिस कि आगे से एक-एक कागज का मोल समझोगे और इन्हें कभी बर्बाद नहीं करोगे।' मम्मी ने प्रॉमिस के लिए आगे हाथ बढ़ाया।



ऋषभ ने भी मजबूती से अपना हाथ वादा निभाने के लिए मम्मी के हाथ में थमा दिया और दोनों जोर से हंस पड़े। *

तुम्हारे लिए नई किताब / अनुराग मनींद्र

## हंसाते-गुदगुदाते बाल गीत

बच्चो, तुम्हें ऐसे बालगीत मिल जाएं, जो गुनगुनाने के साथ हंसाएं भी तो तुम्हें जरूर मजा आएगा। ऐसे ही बालगीतों का एक नया संग्रह आया है 'नानी जी की मोरनी।' इसके रचयिता हैं शिवचरण चौहान। इस संग्रह में 26 बालगीत संकलित हैं। संग्रह के सभी बालगीत तुम्हें हंसाएंगे-गुदगुदाएंगे। इनकी राइमिंग इतनी बेहतरीन है कि इन बाल गीतों को पढ़ते हुए तुम इन्हें गाने से खुद को रोक नहीं पाओगे। बच्चो, इस संग्रह में शामिल बाल गीतों में तुमको विषयों की विविधता भी मिलेगी। इस कारण इन्हें पढ़ते हुए रोचकता बनी रहेगी। 'नानी जी की मोरनी', 'चाचा और मामा', 'बागड़ बिल्ला', 'बर्फी या रसगुल्ला' जैसे कई बाल गीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। 'दाऊ और कन्हैया' और 'मूषक और गणेश' पढ़ते हुए तुम्हें 'लिटिल कृष्णा' और 'बाल गणेशा' याद आएंगे। संग्रह में तुम्हारे फेवरेट कॉमिक कैरेक्टर 'चाचा चौधरी' पर भी एक बालगीत मिलेगा, जिसका शीर्षक है, 'मूंछों वाले चाचा।'




बच्चो, इस किताब में ज्यादातर बाल गीतों के साथ मोहक चित्र भी हैं, जो संग्रह की सुंदरता को और बढ़ाते हैं। *


**किताब:** नानी जी की मोरनी (बाल गीत संग्रह), **लेखक:** शिवचरण चौहान, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** रवीना प्रकाशन, दिल्ली

## उम्मीद अभी बाकी है

ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों इस बात से दुखी, चिंतित थीं कि असुरक्षित पर्यावरण के कारण तीनों का अस्तित्व खतरे में है। तभी तीनों ने पृथ्वी पर बच्चों को कुछ ऐसा करते देखा कि उनके भीतर नई उम्मीदें जागीं। ठंडी, गर्मी और बारिश ने बच्चों को ऐसा क्या करते देखा



कहानी
उपासना बेहार



ठंडी, गर्मी और बारिश तीनों सखियां मजे से साथ-साथ रहती थीं। इनको चार-चार माह काम पर जाना पड़ता था। तीनों सखी अपने काम को बखूबी निभा रही थीं। जिसका जब समय आता, वह अपने निर्धारित महीने काम पर चली जाती। लेकिन पिछले कुछ सालों से इनके काम पर जाने के समय में गड़बड़ी होने लगी है। गर्मी को ज्यादा समय काम करना पड़ रहा है, जबकि बारिश और ठंड के काम का समय कम हो गया है। कभी-कभी तो यह होता है कि बारिश बेसमय ठंड के और गर्मी के घर जाकर गिर पड़ती है। तीनों इस बदलती हुई परिस्थिति को देख हैरान हैं।

एक दिन ठंड ने गर्मी से कहा, ' सखी, तुम भाग्यशाली हो अब तुम्हारा समय ज्यादा हो गया, लेकिन मेरा और बारिश का समय घट गया है, हमारे समय को भी तुम लेती जा रही हो।' गर्मी गंभीर होकर बोली, 'तुम्हें क्या पता, मैं इस आग उगलते मौसम में कैसे रहती हूं, पूरी झुलस जाती हूं। मैं तो बिल्कुल नहीं चाहती कि ज्यादा समय रहूं, लेकिन इन इंसानों ने अपने स्वार्थ के चलते धरती से बेहिसाब पेड़-पौधे काट डाले हैं। अब भी रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेड़-पौधों के बिना तो हम तीनों का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यही स्थिति रही तो एक दिन यह पृथ्वी भी नहीं रहेगी।' बारिश बहुत देर से इन दोनों की बातें सुन रही थी, उसके आंख में आंसू आ गए, वह बोली, 'आप दोनों सही बोल रही हैं, पृथ्वी विनाश की ओर बढ़ रही है। इंसान अपनी विलासिता पर ही केवल ध्यान दे रहा है। पहले पेड़-पौधों को काटकर गर्मी बढ़ा ली। अब गर्मी से बचने के लिए एसी लगा कर वातावरण को और गर्म कर रहे हैं। वो यही नहीं रुके हैं, अब तो शक्तिशाली बम बना रहे हैं, इसका उपयोग कर रहे हैं। इससे भी वातावरण प्रदूषित होता है।' गर्मी दुखी होकर बोली, 'अब कोई आस नहीं बची है, जिस दिशा में इंसान जा रहा है, वो समय ज्यादा दूर नहीं है, जब हम धीरे-धीरे खत्म हो जाएंगे और यह दुनिया भी।'

तीनों सहेलियां अपने आपको असहाय महसूस कर रही थीं। तभी ठंड ने कहा, 'देखो सखी, वो है हमारी उम्मीद की किरण।' गर्मी और बारिश ने उस तरफ देखा। धरती पर बहुत सारे बच्चे पेड़ लगा रहे थे। बारिश ने खुश होकर कहा, 'मैं जाकर उनकी मदद करती हूं। थोड़ा पानी दे देती हूं, जिससे पेड़ अपनी जड़ मिट्टी में जमा लेंगे।' यह कहकर वह बरसने चली गई।

गर्मी भी बोली, 'चलो मैं थोड़ा ताप कम कर देती हूं, जिससे बच्चे आराम से पेड़ लगा सकें।' यह बोलते हुए गर्मी भी चली गई।

ठंड कैसे पीछे रहती उसने सोचा, 'मैं भी हल्की-हल्की हवा चला कर उन बच्चों को प्यार करती हूं।' तीनों सहेलियां नए सिरे से उत्साह से भर गईं। *

कविता
नरेंद्र सिंह नीहार



## सर्दी की आहट

चुपके-चुपके हौले-हौले,
माह नवंबर खिड़की खोले,
सर्दी के मौसम की आहट,
बाबू जी अम्मा से बोले।
ठंडी हवा पहाड़ों वाली,
मानो बजा रही हो थाली।
स्वेटर मौजे टोपी पहनो,
आई सर्दी कंबल वाली।
सुबह देर से आता सूरज,
सबके मन को भाता सूरज।
जल्दी-जल्दी शाम ढले,
घर को अपने जाता सूरज
थोड़ी गर्मी थोड़ी सर्दी,
नरम धूप की उजली वर्दी।
दिन भी लगते सरस सुहावन,
खान-पान में मौजा कर दी।
सेहतमंद है सरसों-पालक,
गाजर, मूली खाते बालक।
गजक, रेवड़ी, मूंगफली,
भर-भर जेबें लाते बालक।।

## हंसगुल्ले



**पिंकी** : अगर नदी में नीबू का पेड़ लगा है तो तुम नदी में जाकर नीबू कैसे तोड़ोगी?
**मिंकी** : चिड़िया बनके।
**पिंकी** : तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**मिंकी** : वही जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया है।
-आशीष, रायपुर

**राजू** : मम्मी, मुझे कुछ ऐसी चीज खाने को दो, जो कभी खत्म ही न हो।
**मम्मी** : ये ले बेटा, च्युइंगम खा।
-शोभित, रोहतक



छोटी कहानी
सिराज अहमद



## फूल, तितली और चींटी

एक बगीचे में एक सुंदर फूल खिला हुआ था। सुबह की धूप में जब तितली वहां आकर बैठी तो फूल मुस्कुरा उठा। लेकिन उसी फूल पर पहले से एक चींटी आराम से लेटी हुई थी। तितली के बैठते ही फूल हल्का-हल्का हिलने लगा, जिससे चींटी की नींद टूट गई। उसे यह अच्छा नहीं लगा। वह गुस्से से बोली, 'तुम किसी और फूल पर जाकर बैठो, यह मेरी जगह है!'

तितली ने जवाब दिया, 'फूल सबके लिए है, तुम्हारे अकेले का नहीं।' इस बात को लेकर दोनों में थोड़ी कहा-सुनी हो गई।

यह देखकर फूल ने धीरे से बोला, 'जब मुझे तुम दोनों के साथ बैठने पर कोई आपत्ति नहीं, तो तुम्हें क्यों है?'

फूल की बात सुनकर चींटी को अपनी गलती का एहसास हुआ। उसने तितली से माफी मांगी। अब दोनों फूल पर साथ बैठ गईं। हवा चली तो फूल झूले-सा झूलने लगा। और दोनों मुस्कुराते हुए उसमें झूलने लगीं। *

## जीके क्विज-180

1. हाल ही में साल 2025 का बुकर लिटरेचर प्राइज किस लेखक को प्रदान किया गया?
2. इन दिनों अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2025 का आयोजन कहां किया जा रहा है?
3. बिहार के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का क्या नाम है?
4. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क में शामिल होने वाला भारत का 9वां शहर कौन-सा है?
5. भारत में रेलवे नेटवर्क की शुरुआत का श्रेय किस ब्रिटिश गवर्नर जनरल को जाता है?
6. 'हितोपदेश' के लेखक कौन हैं?
7. रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) नामक बीमारी किस विटामिन की कमी से होती है?
8. पृथ्वी के सबसे निकट का तारा कौन-सा है?
9. मणिपुर की राजधानी कहां है?
10. भरतनाट्यम किस राज्य का प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-180 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-179 का उत्तर:** 1.शेफाली वर्मा, 2.नरेंद्र मोदी, 3.छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन, 4. 20 नवंबर, 5. 14 नवंबर, 6.ऊंट, 7.बिहार, 8.शतरंज, 9.कोलंबो, 10.देवेंद्र फडणवीस

**जीके क्विज-179 का सही उत्तर देने वाले:** दित्या-रायपुर, कबीर-हिसार, मन्नत-कैथल, शरद-रायगढ़, रमेश-बैकुंठपुर, प्रवीण-रायगढ़, अनूप-रायगढ़, आयुष-ईमेल से, कनक-बिलासपुर, अमन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, पूनम-बालोद

## अंतर बताओ

बच्चो, पर्यावरण स्वच्छ रहे, इसके लिए सबसे पहले हम अपने घर को साफ-सुथरा रखें। यहां अपने घर की सफाई कर रही लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये आठों अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सभी आठ अंतर खोजो।





**उत्तर:** 1. लड़की ने बालों में पोनी टेल की बजाय बन बनाया हुआ है। 2.लड़की के हेयर-बैंड में फूल बने हुए हैं। 3.उसकी टी-शर्ट पर बनी हार्ट की डिजाइन गायब है। 4.लड़की ने जो रग पहना है, उसमें पॉकेट बना हुआ है। 5.उसके ट्राउजर का कलर डिफरेंट है। 6.वैक्यूम क्लीनर पर अलग डिजाइन बनी हुई है। 7.वैक्यूम क्लीनर पर इंडिकेटर/पॉवर बटन दिख रहा है। 8.फ्लोर ब्रश के ऊपर एक बटन लगा हुआ है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, दिए गए चित्र में कुछ लिटिल एनिमल्स अपनी मां से बिछड़ गए हैं। इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम इन्हें इनकी मां तक पहुंचने का रास्ता बताकर इनकी मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप

### यूपी में 24 की जगह 25 को रहेगी छुट्टी



**लखनऊ।** गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस के दिन पड़ने वाली छुट्टी को अब बदल दिया गया है। यूपी में 24 की जगह अब 25 नवंबर की छुट्टी रहेगी। 25 नवंबर यानी मंगलवार को स्कूल-कॉलेज और सरकारी ऑफिसों में अवकाश रहेगा। योगी सरकार ने इसको लेकर घोषणा कर दी है। प्रमुख सचिव ने मनीष चौहान ने जारी आदेश में कहा है कि 24 नवंबर सोमवार को श्री गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस है।

### लखनऊ में रिकवरी एजेंट की बेरहमी से हत्या



**लखनऊ।** जिले के इंदिरानगर क्षेत्र में कुछ लोगों ने विवाद के बाद एक रिकवरी एजेंट को बेरहमी से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात सीसीटीवी में कैद हुई। मृतक की पहचान शशि प्रकाश उपाध्याय के रूप में हुई है, जो वर्तमान में सेक्टर-8, रघुराजपुरम में किराए पर रहते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दी जा रही है।

### रांची में एक रात में 183 लोग गिरफ्तार



**रांची।** रांची में अपराध नियंत्रण और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से सीनियर एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस ने अड्डेबाजी, सड़क पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। देर रात तक व्यापक छापेमारी की गई। पुलिस ने सड़क व सार्वजनिक स्थलों पर बेवजह जमावड़ा बनाकर अड्डेबाजी, हुड़दंग या शराब पीते 183 लोगों को हिरासत में लिया।

## अतिरिक्त भीड़ के कारण मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों का काम प्रभावित

# काशी विश्वनाथ मंदिर में अगले दो दिनों तक स्पर्श दर्शन पर रोक, प्रशासन ने की श्रद्धालुओं से अपील

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में पत्थर (संगमरमर) बदलने का कार्य के चलते अगले दो दिनों तक स्पर्श दर्शन पर रोक जारी रहेगी। इसलिए मंदिर प्रशासन ने कार्य जारी रहने तक स्पर्श दर्शन पर रोक बढ़ा दिया है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से प्रशासन ने अनुरोध किया है कि वे असुविधा को देखते हुए सहयोग बनाए रखें। जानकारी मुताबिक, मंदिर गर्भगृह के फर्श पर पुराने संगमरमर की जगह नया पत्थर लगाने का कार्य बुधवार को शुरू किया गया था। प्रारंभिक योजना के अनुसार, यह कार्य गुरुवार तक पूरा होना था, लेकिन श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या और पांचों पहर की आरती के दौरान अतिरिक्त भीड़ के कारण मजदूरों और तकनीकी कर्मचारियों का काम प्रभावित हुआ। इस वजह से काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने कार्य की अवधि बढ़ाकर शुक्रवार और शनिवार तक बढ़ाने का फैसला लिया।

**काशी विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में पत्थर (संगमरमर) बदलने का कार्य के चलते अगले दो दिनों तक स्पर्श दर्शन पर रोक जारी रहेगी। प्रशासन ने सहयोग की अपील की।**



### नियमित रखरखाव प्रक्रिया का हिस्सा

मंदिर के डिप्टी कलेक्टर शंभु शरण ने बताया कि संगमरमर परिवर्तन का यह कार्य मंदिर की समय-समय पर होने वाली नियमित रखरखाव प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि गर्भगृह में अत्यधिक भीड़ और संकुल वातावरण को देखते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता देना आवश्यक था। इसी कारण कार्य पूरा होने तक स्पर्श दर्शन को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है।

#### मंदिर में आम दर्शन जारी रहेंगे

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि काशी मंदिर में आम दर्शन जारी रहेंगे और भक्त दूर से विश्वनाथ बाबा के दर्शन कर सकेंगे। केवल मंदिर गर्भगृह में प्रवेश और स्पर्श दर्शन ही प्रतिबंधित रहेंगे। मंदिर प्रशासन ने बताया कि संगमरमर बदलने का काम बेहद सावधानी से किया जा रहा है ताकि गर्भगृह की पवित्रता और संरचना सुरक्षित रहे। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे भीड़भाड़ के समय धैर्य रखें और सुरक्षा व व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जैसे ही कार्य पूरा होगा, स्पर्श दर्शन सामान्य रूप से शुरू कर दिए जाएंगे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने बिहार नीतीश कुमार को दी बधाई, कहा-

# सीएम के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बिहार के विकास का सार्थक प्रयास करेगी

नीतीश कुमार ने बुधवार को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को इस्तीफा सौंपने के साथ नई एनडीए सरकार के गठन का दावा भी पेश किया है। इससे पहले उनको एनडीए विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से नेता चुना गया।

**खास बातें**

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने बिहार के विधानसभा चुनाव में की थीं 31 रैलियां
- योगी आदित्यनाथ की रैली वाले क्षेत्र से 27 प्रत्याशी जीते



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पटना पहुंचे। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने दसवीं बार शपथ ली। नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 11 राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए।

### पीएम मोदी के साथ कई केंद्रीय मंत्री और 11 मुख्यमंत्री शामिल

पटना में सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता की ओर से मैं बिहार की नई सरकार को बधाई देने आया हूं। हम जो कुछ भी यहां देख रहे हैं, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विशाल अनुभव और डबल इंजन वाली सरकार के प्रयासों का परिणाम है। मैं बिहार की जनता को बधाई देता हूं और इसके साथ ही मैं नीतीश जी, सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा और शपथ लेने वाले नए मंत्रिमंडल को बधाई देता हूं।

### मेरठ, कानपुर और मथुरा के लिए सीएम योगी का प्लान

#### अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर व प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन का होगा विकास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र शहरी विकास की समीक्षा करते हुए कहा कि तीनों शहरों का विकास केवल निर्माण-कार्य पर आधारित न हो, बल्कि उसमें स्थानीय पहचान, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शहरी सुविधाओं का संतुलन साफ दिखाई दे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं को चरणबद्ध ढंग से लागू किया जाए और काम समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा हो।
बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए तीनों मंडलों के मंडलायुक्त मौजूद रहे। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन में समेकित विकास मॉडल लागू किया जा रहा है।

## फिर गांधी की शरण में प्रशांत किशोर

# चुनाव में करारी हार के बाद 1 दिवसीय मौन व्रत व उपवास



एजेंसी ▶▶ बेतिया

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद जन सुराज प्रमुख प्रशांत किशोर ने गुरुवार की दोपहर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की कर्मभूमि भितिहरवा गांधी आश्रम में एक दिवसीय मौन व्रत रखा। दोपहर 11.15 बजे शुरू हुआ उनका उपवास शुक्रवार की दोपहर तक चलेगा। मौन व्रत व उपवास को लेकर भितिहरवा गांधी आश्रम पहुंचे प्रशांत किशोर ने परिसर में स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उसके बाद उन्होंने गांधी आश्रम परिसर में स्थित गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तीन साल पहले प्रशांत किशोर ने यहीं से अपने सफर की शुरुआत की थी। चुनाव में उनकी पार्टी खाता भी नहीं खोल सकी।

### अपनी बात वोटरों को समझा पाने में विफल रही जन सुराज पार्टी

अपने सहयोगियों के साथ गांधी की प्रतिमा के समीप ही मौन व्रत व उपवास की शुरुआत की। मौन व्रत व उपवास पर वे अकेले हैं मौके पर उपस्थित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि बिहार के गरीबों की समस्या, बिहार में शिक्षा का अभाव, युवाओं का पलायन, बेरोजगारी के सही कारणों को आम जनमानस तक पहुंचाने में जन सुराज पार्टी असफल रही है। हाल में संपन्न आम चुनाव में जनता ने जो मतदान किया है, इससे प्रतीत होता है कि आम लोग अभी भी जन सुराज की बातों को समझ नहीं पाए हैं या हम अपनी बात उन्हें समझा पाने में विफल रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### पुतिन की भारत...

स्वामित्व वाले रक्षा समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सर्गेई चेमीजोव समेत कई अन्य रूसी रक्षा अधिकारियों ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि रक्षा विशेषज्ञों की राय में सु-57 एक लगभग साढ़े चार पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। उड़ान के समय इसकी भारी-भरकम आवाज और इसके स्टेल्थ फीचर के संबंध में भी एक बड़ी ऊहापोह की स्थिति है। जिससे किसी भी मिशन के दौरान इसके दुश्मन की पकड़ में आने की संभावना है। भारत में इस वक्त उक्त पीढ़ी के लड़ाकू विमानों में राफेल मुख्य है।

**प्रतिबंधों के दौर में दिए हथियारः** चेमीजोव ने भारत द्वारा सु-57 की सैन्य खरीद को लेकर रूस को दी गई किसी आधिकारिक सूचना, भविष्य में अतिरिक्त एस-400 एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम की खरीद से जुड़े एक प्रश्न को लेकर कहा कि हमारे देश के नई दिल्ली के साथ मजबूत रक्षा संबंध रहे हैं। दोनों देश काफी लंबे वक्त से रक्षा साझेदार रहे हैं। रूस ने भारत को प्रतिबंध के दौर में भी हथियारों की सप्लाई की है। जिससे उसने अपनी सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखा। वर्तमान में भी हम अपनी इसी पुरानी सोच के साथ आगे बढ़ते हुए भारत के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। जब भी उसे हमारी जरूरत होगी, हम उसे मदद करने के लिए मौजूद रहेंगे। ये पूरी कवायद हमारे साझा हितों और रक्षा सहयोग के विकास में भी मददगार साबित होगी।

### एफ-35 का रूसी.....

रोसोबोरॉन भारत को तकनीक हस्तांतरण के साथ ही आगामी पीढ़ी की तकनीक से जुड़ी हुई जानकारी जिसमें इंजन, ऑप्टिक्स, आयसा रडार, एआई तत्व, लो सिग्नेचर तकनीक और आधुनिक हवाई हथियार भी भारत के साथ साझा करने के पक्ष में है।

### अमेरिका ने भारत...

दे दी है। जिसके बाद अब नई दिल्ली वाशिंगटन से जेवलिन एंटी टैंक मिसाइलों और जीपीएस निर्देशित सटीकता के साथ हमला करने में सक्षम एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स की नई खेप की खरीद कर सकेगी। इन बेहद मारक हथियारों की मदद से न केवल भारत की वर्तमान और भविष्य से जुड़ी हुई सुरक्षा चुनौतियों से मुकाबला करने की क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी। बल्कि वह क्षेत्रीय खतरों से भी आसानी से दो-दो हाथ कर सकेगा। देश की सशस्त्र सेनाएं इन हथियारों और सैन्य प्रणालियों को जल्द ही आत्मसात कर लेंगी और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा संतुलन भी नहीं बिगड़ेगा। आने वाले वक्त में इसे लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। जिससे भारत और अमेरिका की व्यापक सामरिक साझेदारी को काफी बल मिलेगा। बताते चलें कि जेवलिन मिसाइल सेना के पैदल दस्ते के लिए काफी महत्वपूर्ण रहेगी। क्योंकि इनकी मदद से लंबी दूरी से दुश्मन के बख्तरबंद वाहनों और चुनिंदा लक्ष्यों पर सटीकता से वार कर उन्हें नेस्तनाबूद किया जा सकेगा।

**यह है भारत की पूरी मांगः** भारत सरकार ने अमेरिका से 100 एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलें (समान संख्या में राउंड्स शामिल), 216 एम982ए-1 एक्सकैलिबर आर्टिलरी राउंड्स, 25 जेवलिन हल्की कमांड लांच यूनिट (एलडब्ल्यूसीएलयू) और जेवलिन ब्लॉक 1 कमांड लांच यूनिट (सीएलयू) की खरीद को लेकर अनुरोध किया था। जेवलिन मिसाइल सिम्युलेशन राउंड, बैटरी कूलेंट यूनिट, इलेक्ट्रॉनिक तकनीकी मैनुअल, जेवलिन ऑपरेटर मैनुअल भी खरीद का इसमें शामिल रहेगी। कुछ छोटे रक्षा उपकरण जैसे सहायक आइटम उन्नत प्लेटफार्म इंटीग्रेशन किट (आईपीआईके), इलेक्ट्रॉनिक फायर कंट्रोल सिस्टम (पीईएफसीएस), प्राइमर्स, प्रोपेलेंट चार्जिस के अलावा भारत ने अमेरिका से हथियारों के संचालन और रखरखाव के लिए सहायता भी मांगी है। लाइफ साइकल सहयोग, सुरक्षा निरीक्षण, तकनीकी डाटा, चालक का प्रशिक्षण, लांच यूनिटों का नवीनीकरण और हथियारों को पूर्ण क्षमता के साथ प्रयोग में लाने के लिए तकनीकी सहयोग भी इस सौदे का एक अहम भाग रहेगा।

**अमेरिका से बनकर आएंगे हथियारः** डीएससीए ने कहा कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय इसे विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के जरिए बनी बनाई अवस्था (फ्लाई टू बॉय) में अमलीजामा पहनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसमें एक्सकैलिबर और उससे जुड़े उपकरणों की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर और जेवलिन मिसाइल सिस्टम व उससे संबंधित उपकरणों की कीमत 45.7 मिलियन डॉलर होगी। इन रक्षा उत्पादों को ऑरलैंडो, फ्लोरिडा और ट्यूकसन और एरिजोना स्थित आरटीएक्स कारपोरेशन और लॉकहीड मार्टिन जेवलिन संयुक्त उपक्रम (जेजेवी) द्वारा बनाया जाएगा यानी वो ही इसके प्रमुख संविदाकार होंगे।

**ऑफसेट को लेकर क्रेता से होगी चर्चाः** प्रमुख संविदाकार आरटीएक्स कॉरपोरेशन ने बताया कि इस प्रस्तावित समझौते में किसी ऑफसेट के बारे में अमेरिका की सरकार को कोई जानकारी नहीं है। लेकिन ऐसा मसले का संबंध रक्षा सामग्री की क्रेता कंपनी और खरीददार देश के बीच वार्ताओं के जरिए परिभाषित किया जाएगा। अब इस मामले में दोनों देशों से बहुत अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता नहीं है। साथ ही इससे अमेरिकी सैन्य बलों की तैयारियों पर भी कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### अमेरिकी हितों पर...

भारत के संदर्भ में एक बड़े रक्षा भागीदार के तौर पर उसकी सुरक्षा में सुधार होगा। जो हिंद-प्रशांत से लेकर दक्षिण एशियाई क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक विकास को बरकरार रखने के लिए एक महत्वपूर्ण ताकत है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति...

यहां एक रोचक तथ्य ये भी है कि अमेरिका के राष्ट्रपति अपने इस दावे को कुल करीब पांच दर्जन से अधिक बार (60 प्लस) सार्वजनिक रूप से दोहरा चुके हैं। इस फोरम में सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान भी मौजूद थे।

**आतंकी ठिकानों को किया मटियामेटः** दरअसल, भारत ने 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में किए गए पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही को अंजाम दिया था। जिसमें पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद कुल करीब 9 आतंकी शिविरों में छिपे बैठे 100 से अधिक लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने अपने सटीक हमलों के जरिए पलक झपकते ही मौत के घाट उतार दिया था। जिससे बौखलाए पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला बोला था। लेकिन भारत ने सभी का समय रहते करारा जवाब दिया। साथ ही देश की सरकार ने पड़ोसी दुश्मन देश को यह भी साफ कर दिया है कि अगर भविष्य में भी पहलगाम जैसा या कोई और आतंकवादी हमला भारत के खिलाफ किया जाता है तो उसे उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है, यह जारी है।

### ऑस्ट्रेलिया के साथ...

अच्छी प्रगति हुई है। लेकिन निष्कर्ष यही है कि व्यापार का आंकड़ा अच्छा है जो कि अपने आप में ही सबकुछ बयां कर रहा है। मालूम हो कि ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पैनी वोंग बीते 19 नवंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आई हैं। जिसके तहत यह बैठक हुई है।

**इन मुद्दों पर हुई चर्चाः** जयशंकर ने कहा कि हमारी बातचीत में सहयोग से जुड़े हुए कुछ अन्य मुद्दों पर विचार- विमर्श किया गया है। जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, शिक्षा-कौशल, अनुसंधान-नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी व अंतरिक्ष ऊर्जा का मामला शामिल है। यह हमारे आपसी सहयोग के स्तंभों में से एक हैं और इनमें भी दोनों देशों के आमजन के बीच बना हुए संबंध भी काफी मजबूत हुए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया की बढ़ती हुई साझेदार का मुख्य आधार हमारे शीर्ष नेताओं के जरूरी मार्गदर्शन को जाता है। हम इस वार्ता के संबंध में भी उन्हें जानकारी देंगे जिससे भविष्य में होने की उनकी मुलाकातों के दौरान काफी मदद मिलेगी।

### अमेरिका-चीन इकोनॉमिक...

में हुए उस बड़े आतंकी हमले को, जिसे भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तान आधारित संगठनों द्वारा प्रायोजित माना है, "इंसर्जेंट अटैक'' यानी "विद्रोही हमला" करार दिया गया है। यह शब्दावली न केवल हमले की प्रकृति को कमतर बताती है, बल्कि पाकिस्तान की भूमिका को भी संदिग्ध रूप से हल्का करती है। गंभीर बात यह है कि रिपोर्ट के अनुसार भारत-पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुई चार दिवसीय सीमा झड़प को " भारत के ख़िलाफ़ पाकिस्तान की सैन्य सफलता" बताया गया है।

**ऐसी टिप्पणी तथ्यों के विपरीतः रक्षा विशेषज्ञः** रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी टिप्पणी न केवल तथ्यों के विपरीत है, बल्कि रणनीतिक रूप से भारत को नुकसान पहुँचाने वाली है। जयराम रमेश पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस पार्टी की ओर से इस रिपोर्ट को सिरे से ख़ारिज किया, साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछा है की क्या वे इस रिपोर्ट के ख़िलाफ़ भारत की ओर से आधिकारिक आपत्ति दर्ज करेंगे?

**विदेश मंत्रालय ने नहीं दी प्रतिक्रियाः** विदेश मंत्रालय की ओर से इस मामले पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया जारी नहीं की गई है। परंतु रणनीतिक मामलों के जानकारों के अनुसार, यह रिपोर्ट भारत-अमेरिका संबंधों में एक असहज अध्याय जोड़ सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब दक्षिण एशिया में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पहले ही भारत के लिए चुनौती बना हुआ है। इस रिपोर्ट को लेकर राजनीतिक संगठनों, सुरक्षा विशेषज्ञों और पूर्व राजनयिकों में बहस तेज हो गई है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी संस्थाओं द्वारा भारत से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर गलत शब्दावली का उपयोग एक गंभीर रणनीतिक संकेत है, जिसका भारत को तुरंत और सख्ती से संज्ञान लेना चाहिए।

### कूटनीति की एक और...

क्षमता पर प्रश्न उठते हैं। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय से पूछा है कि क्या वे इस रिपोर्ट को लेकर अमेरिकी सरकार के सामने आधिकारिक आपत्ति दर्ज करवाएंगे। रमेश ने कहा कि यह घटना "कूटनीति की एक और बड़ी विफलता" को दर्शाती है और भारत को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

### महू कैंट बोर्ड का नोटिस...

सिद्दीकी के पिता हैं। नोटिस के अनुसार डिपार्टमेंट ने पहले भी 1996 और 1997 में कैंटोनमेंट्स एक्ट 1924 की संबंधित धाराओं के तहत बिना इजाजत कंस्ट्रक्शन को हटाने का निर्देश देते हुए कई कम्युनिकेशन जारी किए थे। कलोया ने कहा कि लेकिन बार-बार नोटिस देने के बावजूद कंस्ट्रक्शन को नहीं हटाया गया। नए नोटिस में प्रॉपर्टी पर अभी रहने वाले या कानूनी वारिसों को तीन दिन के अंदर बिना इजाज़त के स्ट्रक्चर को हटाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि अगर निर्देश का पालन नहीं किया जाता है, तो कैंटोनमेंट बोर्ड हटाने की कार्रवाई करेगा और खर्च कैंटोनमेंट एक्ट के नियमों के अनुसार संबंधित पार्टी से वसूला जाएगा। यह प्रॉपर्टी - मकान नंबर 1371 - महू के मुकेरी मोहल्ला इलाके में सर्वे नंबर 245/1245 पर है। महू पुलिस ने पहले जवाद सिद्दीकी के भाई हमूद अहमद सिद्दीकी को महू में एक फाइनेंशियल फ्रॉड के सिलसिले में हैदराबाद से गिरफ्तार किया था। हमूद पर 25 साल पहले महू में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड करने का आरोप है। दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी अल फलाह यूनिवर्सिटी के जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर था।

### अदालत बिल...

सांविधानिक अदालत, राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राज्यपालों और राष्ट्रपति के लिए समय-सीमा तय कर सकती है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रपति और राज्यपाल को राज्य विधानसभा से पारित विधेयकों पर अनुमोदन देने के लिए न्यायपालिका कोई समयसीमा तय नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने राष्ट्रपति की तरफ से अनुच्छेद 143 के तहत भेजे गए 14 संवैधानिक प्रश्नों पर अपनी राय देते हुए कहा कि यह विषय संवैधानिक पदाधिकारियों के विवेक और संघीय ढांचे की मर्यादा से जुड़ा है। अदालत ने माना कि विधायी प्रक्रिया में राष्ट्रपति और राज्यपाल की भूमिका संवैधानिक कर्तव्य है, पर न्यायिक हस्तक्षेप के जरिए इसकी समय सीमा तय नहीं की जा सकती। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी रेखांकित किया कि अत्यधिक देरी लोकतांत्रिक शासन की आत्मा को क्षति पहुंचाती है, इसलिए इन पदों से अपेक्षा है कि वे उचित समय के भीतर निर्णय लें।

**संवैधानिक प्रावधान और राष्ट्रपति का कदमः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को बिलों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। राष्ट्रपति ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 सवाल रखे हैं, जिनका जवाब सुप्रीम कोर्ट से मांगा गया है। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है।

**तमिलनाडु केस और समय सीमाः** 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम...

पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?

- क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है?
- क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है?
- क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं?
- अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की सलाह लेनी चाहिए?
- क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं।
- क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है?
- क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है?
- क्या सुप्रीम कोर्ट की कोई पीठ अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच को भेजने पर फैसला कर सकती है?
- क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश/आदेश दे सकता है जो संविधान या वर्तमान कानूनों मेल न खाता हो?
- क्या अनुच्छेद 131 के तहत संविधान इसकी इजाजत देता है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच विवाद सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही सुलझा सकता है?

## चिंतन

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।



अंकुश
प्रमोद भार्गव

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद

> मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था।

माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ.रमेश ठाकुर



# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्ध स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है। ये बात तथ्यात्मक है कि इंटरनेट से पहले रेडियो-टेलीविज़न ने ही संचार क्रांति को आगे बढ़ाया था। मार्च 2025 तक, भारत में 918 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल थे जिनमें से 908 भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि चैनलों की संख्या घटती-बढ़ती रहती हैं। दृश्य टीवी की ताकत होते हैं। कवरेज के दौरान दिखाए गए दृश्यों पर दुनिया आंख मूंदकर विश्वास करती है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में टीवी की भूमिका अहम रही है और सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती है



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन





## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। *- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत




प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि मेटा के तीनों मंचों फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स के साथ ही स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स और यूट्यूब को भी 10 दिसंबर से 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खाता धारकों को हटाने के लिए कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया स्थित मेटा ने बृहस्पतिवार को किशोर खाता धारकों को एसएमएस और ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि चार दिसंबर से संदिग्ध नाबालिग उपयोगकर्ताओं की इन मंचों तक पहुंच रोक दी जाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, 'हम आज से प्रभावित किशोरों को सूचित करना शुरू कर रहे हैं ताकि वे अपने संपर्कों और यादों को सुरक्षित कर सकें।' मेटा ने यह भी कहा कि इस अवधि में किशोर उपयोगकर्ता अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं



क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।

## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।

-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।

- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोज़ाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बिहार सरकार में सभी वर्गों को मिला प्रतिनिधित्व

# 5 दलित, 4 राजपूत-वैश्य और 1 मुस्लिम को बिहार में मिला मंत्रीपद

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। पहले चरण में सीएम नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने शपथ ली। इसमें भाजपा कोटे से 14 मंत्री जदयू से आठ, लोजपा (राम) से दो, हम और रालोमो से एक-एक को मंत्री बनाया गया है। नीतीश मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम मंत्री भी हैं। जदयू कोटे से जमा खान ने मंत्री पद की शपथ ली है। एनडीए गठबंधन ने सीएम नीतीश समेत 27 मंत्रियों की टीम में जातीय समीकरण का भी खूब ख्याल रखा गया है। जातियों के समीकरण को संतुलित कर नामों का चयन किया गया है।

## बिहार सरकार में सीएम नीतीश कुमार के साथ 27 मंत्रियों ने शपथ ली


पटना में शपथ ग्रहण को दौरान प्रधानमंत्री ने सभी का अभिवादन किया

### राजपूत और वैश्य समाज से 4-4 मंत्री

नई एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल में ओबीसी, ईबीसी, सवर्ण, दलित, वैश्य, मुस्लिम हर वर्ग से नेताओं को शामिल किया गया है। इनमें सबसे अधिक दलित समाज से 5मंत्री हैं। इसके बाद राजपूत और वैश्य से 4, भूमिहार और ब्राह्मण 3, कुशवाहा से 3, कुर्मी से 2, निषाद से 2, यादव से 2 ओर कायस्थ जाति से 1 को मंत्री बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुर्मी जाति से आते हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी कुशवाहा और विजय सिन्हा भूमिहार जाति से आते हैं।

पिता केंद्रीय मंत्री रहे...

### शूटर से श्रेयसी बनीं मंत्री



एनडीए ने जमुई से मंत्री पद बरकरार रखते हुए भाजपा की ओर से श्रेयसी सिंह पर भरोसा जताया। राजपूत नेता होने के साथ महिला और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग चैंपियन होना उनके चयन का बड़ा कारण रहा। प्रचंड बहुमत की जीत दर्ज करने वाली गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन अवॉर्ड विजेता श्रेयसी सिंह ने एनडीए सरकार में भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ ली।

### जींस-शर्ट में शपथ लेने पहुंचे दीपक प्रकाश



इस कैबिनेट में नौ नए चेहरों को शामिल किया गया है। इनमें लोजपा के संजय कुमार सिंह भी शामिल हैं। इस कैबिनेट में एक नाम ऐसे भी है जिसे बिना चुनाव लड़े ही शपथ दिलाई गई है। उस मंत्री का नाम दीपक प्रकाश है।

### 27 मंत्रियों की सूची

नीतीश कुमार (जदयू), सम्राट चौधरी (भाजपा), विजय सिन्हा (भाजपा), विजय कुमार (जदयू), बिजेंद्र यादव (जदयू), श्रवण कुमार (जदयू) मंगल पांडेय (भाजपा), दिलीप जायसवाल (भाजपा), अशोक चौधरी (जदयू), लेशी सिंह (जदयू), रामकृपाल यादव (भाजपा), मदन सहनी (जदयू ) नितिन नबीन (भाजपा), संतोष कुमार सुमन (हम), सुनील कुमार (जदयू), जमां खान (जदयू), संजय सिंह टाइगर (भाजपा) अरुण शंकर प्रसाद (भाजपा), सुरेंद्र मेहता (भाजपा), नारायण प्रसाद (भाजपा), रमा निषाद (भाजपा), लखेंद्र कुमार रौशन (भाजपा), श्रेयसी सिंह (भाजपा), डॉ. प्रमोद कुमार (भाजपा), संजय कुमार (लोजपा ), संजय सिंह (लोजपा) और दीपक प्रकाश (रालोमो)।

तेजस्वी की उम्मीद

### नई सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी



राजद के विधायक दल के नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री को बधाई दी और कहा कि उम्मीद है कि नई सरकार लोगों की आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी।

## खबर संक्षेप

### सजा के बाद बच्ची की मौत, शिक्षिका गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में देर से स्कूल आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक लगाने के लिए मजबूर किए जाने के कारण छठी कक्षा की एक छात्रा की मौत के मामले में एक महिला शिक्षिका को गिरफ्तार किया गया है। वालिव पुलिस ने बताया कि वसई क्षेत्र के सातिवली स्थित निजी स्कूल से शिक्षका को हटा दिया गया था।

### दहशत फैलाने वाला अरेस्ट,कट्टा-गोली जब्त



**मधुबनी।** नरहिया थाना पुलिस ने मंगलवार देर शाम गश्त के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक देसी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस तथा घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। एसडीपीओ ने बताया कि दहशत फैलाने की नियत से फायरिंग की सूचना मिली।

### मराठी न बोलने की सजा मौत? इंसाफ दें



**कल्याण।** महाराष्ट्र के कल्याण में 19 वर्षीय कॉलेज छात्र अर्नव खैरे की आत्महत्या ने उसके पिता जितेंद्र खैरे को पूरी तरह तोड़ दिया है। पिता का आरोप है कि लोकल ट्रेन में मराठी न बोलने पर हुई मारपीट ने बेटे को इतना डराया कि उसने जान दे दी। खैरे बताते हैं कि 18 नवंबर को अर्नव अंबरनाथ-कल्याण लोकल से मुलुंड के केलकर कॉलेज जा रहा था।

### डिफेंस डीलर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ब्रिटेन स्थित रक्षा डीलर संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इससे कथित विदेशी संपत्तियों और अवैध वित्तीय संबंधों की लंबे समय से चल रही जांच फिर से शुरू हो गई है। ये चार्जशीट दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट में दायर की गई है।

### टिकट दो वरना नोटा का बटन दबाएंगे: शिया



**मुंबई।** महाराष्ट्र में बीएमसी के चुनाव को लेकर गहमागहमी तेज हो गई है। महायुति से लेकर विपक्षी महाविकास अघाड़ी में शामिल दल चुनावी रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। मुंबई के शिया समुदाय ने राज्य के सेकुलर राजनीतिक दलों के सामने एक बड़ी मांग रख दी है। उनका कहना है कि अगर उनके समुदाय के नेताओं को टिकट नहीं दिया गया तो नोटा दबाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज सहित 175 हस्तियों ने लिखा खुला पत्र

# विपक्ष बिहार का जनादेश अस्वीकार करे सरकार बदलाव पर 'मनमानी' कर रही

### हम पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग कर रहे


सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी. सुदर्शन रेड्डी सहित 175 प्रमुख हस्तियों ने बिहार चुनाव, चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर खुला पत्र लिखा है। इन हस्तियों ने बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी माना है और विपक्षी से आग्रह किया है कि वह इन नतीजों को स्वीकार न करे। पत्र में कहा गया कि हम देश के नागरिक पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह, मुक्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करते हैं। हम बिहार चुनाव परिणाम को धोखाधड़ी मानते हैं और विपक्ष से भी यही मांग करते हैं कि वह इन परिणामों को स्वीकार न करे। इन स्थतियों ने कहा कि एसआईआर की मौजूद प्रणाली एक ऐसी सरकार की इच्छा पूरी करती है, जो किसी भी तरह सत्ता बनाए रखना चाहती है। बदलाव के नाम पर मनमानी चुनाव प्रक्रिया होती है। हमने दर्शक, विश्लेषक और टिप्पणीका के रूप में यह सब देखा है कि यह बदली हुई व्यवस्था कैसे लोकतंत्र पर असर डालती है और पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों को नजरअंदाज करती है।

एसआईआर को बताया धोखाधड़ी

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज भी इसमें शामिल रहे


एसआईआर प्रक्रिया

### मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा

उन्होंने कहा, यह हमारे लोकतंत्र और हमारे संविधान की रक्षा की लड़ाई का एक नया अध्याय है। अब धोखाधड़ी का खेल खुले तौर पर सामने आ गया है। मतदाताओं को जानबूझकर हटाया जा रहा है और उतनी ही सावधानी से नए मतदाता जोड़े जा रहे हैं, ताकि एक खास ताकत के उम्मीदवार जीत सकें। हम बिहार की जनता के साथ खड़े हैं और इन चुनाव परिणामों को अस्वीकार करते हैं।

### सर में चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया

पत्र में कहा गया कि चुनाव आयोग के अनुसार एसआईआर प्रक्रिया 2003 की प्रक्रिया पर आधारित है, लेकिन वास्तव में उससे कोई मेल नहीं खाती। इसमें चालाकी से हर मतदाता के लिए एक नया फॉर्म जोड़ दिया गया है, जिससे उन्हें दोबारा मतदाता सूची में नाम लिखवाना पड़ता है। नाम हटाने की प्रक्रिया और अंतिम सूची किसी तरह की पारदर्शिता नहीं दिखाती और कोई जवाबदेही नहीं लेती।

### कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए

हस्तियों ने कहा, हम मतदाताओं के रूप में एकजुट होकर खड़े हैं। हम मानते हैं कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटना चाहिए। हमें राजनीतिक विपक्ष से निराशा है, क्योंकि उन्होंने इस बदली हुई चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया। लोगों के बीच मतदाता अधिकार यात्रा को समर्थन मिलने के बावजूद चुनाव में शामिल होना धोखाधड़ी से बनी इस सरकार को वैधता देता है।

### विपक्ष ने भी काम करने की कम क्षमता दिखाई

इसके अलावा, विपक्ष ने देश के जमीनी नागरिक संगठनों के साथ रणनीतिक रूप से काम करने की भी कम क्षमता दिखाई है। नागरिक समाज ने इस चुनावी संकट के दौर में कई प्रभावी कदम उठाए हैं।

### चुनाव आयोग सही काम नहीं कर रहा




उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे आगे 12 और राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया लागू होने वाली है, हम चुप नहीं बैठेंगे। चुनाव आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल दिख रहा है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है। सही काम नहीं कर रहा।

### हस्तियों में ये रहे शामिल

खुले पत्र में हस्ताक्षर करने वाली हस्तियों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज बी सुदर्शन रेड्डी, पूर्व अधिकारी देवश्याम एमजी, अर्थशास्त्री और लेखक पराकला प्रभाकर, हाईकोर्ट के पूर्व जज शंकर केजी, फिल्म अभिनेता प्रकाश राज, माधव देशपांडे, राम शरण आदि शामिल हैं।

## खाद्यान्न 357.73 मिलियन टन हुआ

# दालों पर एमएसपी खरीद की गारंटी से बड़ी संख्या में किसान हो रहे हैं लाभांवितः शिवराज




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने गुरुवार को नई दिल्ली में वर्ष 2024-25 के फसल उत्पादन के अंतिम अनुमान जारी करते हुए बताया कि देश के खाद्यान्न उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में अब-तक की सबसे बड़ी वृद्धि देखी जा रही है। वर्ष 2015-16 में जहां उत्पादन 251.54 मिलियन टन था वो अब 106 मिलियन टन बढ़कर 357.73 मिलियन टन हो गया है। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में तीव्र प्रगति का प्रमाण है। उन्होंने रिकॉर्ड स्तर पर खाद्यान्न उत्पादन के लिए देश के किसानों का आभार व्यक्त किया। साथ ही दलहन-तिलहन में भी आशाजनक वृद्धि के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

चौहान ने बताया कि चावल उत्पादन भी रिकॉर्ड स्तर पर बढ़कर 1501.84 लाख टन हो गया है। यह पिछले वर्ष के 1378.25 लाख टन चावल उत्पादन से 123.59 लाख टन अधिक है। वही गेहूं में भी रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। गेहूं उत्पादन बढ़कर 1179.45 लाख टन हो गया है। मूंग उत्पादन बढ़कर 42.44 लाख टन, सोयाबीन उत्पादन 152.68 लाख टन, मूंगफली उत्पादन 119.42 लाख टन की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मक्का और श्री अन्न का उत्पादन 434.09 लाख टन और 185.92 लाख टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष क्रमशः 376.65 लाख टन और 175.72 लाख टन था।

चौहान ने कहा कि दलहन-तिलहन के उत्पादन में भी आशाजनक वृद्धि पर प्रसन्नता जताई और बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान कुल तिलहन का उत्पादन रिकॉर्ड 429.89 लाख टन अनुमानित है, जो वर्ष 2023-24 के 396.69 लाख टन उत्पादन से 33.20 लाख टन अधिक है। तिलहन उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई क्योंकि मूंगफली और सोयाबीन का अनुमानित उत्पादन क्रमशः 119.42 लाख टन और 152.68 लाख टन रहा, जो पिछले वर्ष के क्रमशः 101.80 लाख टन और 130.62 लाख टन की तुलना में क्रमशः 17.62 लाख टन और 22.06 लाख टन अधिक है। रेपसीड और सरसों का उत्पादन 126.67 लाख टन अनुमानित है। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने अंतिम अनुमान जारी करने के बाद भावी रणनीतियों को लेकर भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' के द्वारा भी दालों के उत्पादन में बढ़ोतरी को अत्यधिक बल मिलेगा एवं सरकार की विभिन्न अन्य कृषि कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा खाद्यान्न उत्पादन में समान रूप से ऐसे ही वृद्धि के नतीजे जारी रहेंगे।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने 'नेशनल वन हेल्थ मिशन असेंबली 2025' का शुभारंभ किया

# 'वन अर्थ, वन हेल्थ, वन फ्यूचर' केवल एक थीम नहीं है, यह स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने की नींव : नड्डा

### कहा, नेशनल वन हेल्थ मिशन संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज के सहयोग का एक अनूठा उदाहरण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और वन हेल्थ पर कार्यकारी संचालन समिति के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन हॉल में एक वीडियो संदेश के ज़रिये नेशनल वन हेल्थ मिशन असेंबली 2025 में उद्घाटन भाषण दिया। इस अवसर पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल, वन हेल्थ पर वैज्ञानिक संचालन समिति के अध्यक्ष तथा केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. अजय के. सूद और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के सचिव एवं भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल भी उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय हैः 'ज्ञान को व्यवहार में लाना – वन अर्थ, वन हेल्थ, वन फ्यूचर'है।

सभा को संबोधित करते हुए नड्डा ने थीम की समयबद्धता को रेखांकित किया, यह देखते हुए की यह समग्र स्वास्थ्य के प्रति देश की बढ़ती प्रतिबद्धता और वैश्विक प्राथमिकताओं के साथ इसके संरेखण को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'एक अर्थ, वन हेल्थ, वन फ्यूचर' सिर्फ़ एक थीम नहीं है - यह स्वास्थ्य सुरक्षा को मज़बूत करने और भविष्य की महामारियों के ख़िलाफ़ तैयारी बढ़ाने के लिए हमारे दृष्टिकोण की नींव है। पिछले एक दशक में स्वास्थ्य अनुसंधान और नवाचार में भारत की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने वैक्सीन विकास में देश की उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसमें कोवैक्सिन, कोविशील्ड, कॉर्बेवैक्स जैसे स्वदेशी कोविड-19 टीके और दुनिया का पहला इंट्रानेजल कोविड-19 टीका शामिल है।

उन्होंने कहा कि भारत ने सौ से ज़्यादा देशों के लिए टीके विकसित किए और उनकी आपूर्ति की है, जो एक विश्वसनीय वैश्विक भागीदार के रूप में हमारी भूमिका की पुनः पुष्टि करता है। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने अगली पीढ़ी के वैक्सीन प्लेटफार्मों - जिनमें एमआरएनए, डीएनए, वायरल वेक्टर और बायोसिमिलर शामिल हैं - में भी मजबूत प्रगति हासिल की है, जिससे उभरते स्वास्थ्य खतरों के प्रति त्वरित प्रतिक्रिया के लिए देश की क्षमता मजबूत हुई है।

नेशनल वन हेल्थ मिशन का ज़िक्र करते हुए नड्डा ने इसे महामारी से लड़ने तैयारी की दिशा में भारत के सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक बताया। यह मिशन मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि, औषधि, रक्षा, पृथ्वी विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और आपदा प्रबंधन जैसे 16 विभिन्न केंद्रीय और राज्य मंत्रालयों/विभागों को एकीकृत करता है। उन्होंने कहा, नेशनल वन हेल्थ मिशन संपूर्ण सरकार और संपूर्ण समाज के सहयोग का एक अनूठा उदाहरण है।

## पंचकूला के समग्र विकास को लेकर मुख्यमंत्री सैनी ने पीएमडीए के अधिकारियों के साथ की बैठक

# पंचकूला को मॉडल शहर बनाना सरकार की प्राथमिकताः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि पंचकूला शहर को आधुनिक शहरी सुविधाओं से सुसज्जित एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) द्वारा शहर के ढांचागत विकास के साथ- अन्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को पंचकूला के समग्र विकास, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। सैनी पीएमडीए की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक के दौरान पीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग ने जानकारी दी कि सेक्टर 32, पंचकूला में वर्ल्ड क्लास शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के निर्माण के लिए 173.48 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और आगामी प्रक्रियाएं जल्द पूरी की जाएंगी।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि पीएमडीए को 58 सड़कें, 11 पार्कों, 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और 3 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेंडओवर किए गए थे। सड़कों की मरम्मत, पार्कों का सौंदर्यीकरण और समुचित ड्रेनेज व्यवस्था से संबंधित 34.94 करोड़ रुपये की लागत से 39 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 45.14 करोड़ रुपये की लागत के 59 कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। बैठक में एमडीसी सेक्टर-1 में प्रस्तावित 'अटल पार्क' पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शहर की सभी सड़कों की स्थिति बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं या मरम्मत की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तुरंत ठीक किया जाए। पूरे शहर में गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुगम सड़क नेटवर्क विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंचकूला में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने शहर के पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण पर जोर देते हुए फुटपाथों की मरम्मत व रखरखाव तथा सड़कों की गुणवत्ता सुधार को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण को नई दिशा देने के लिए चौक–चौराहों, ग्रीन बेल्ट और पार्कों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके तहत विभिन्न किस्मों के आकर्षक फूलों का रोपण कर सार्वजनिक स्थानों को अधिक मनमोहक बनाया जाए। साथ ही, ग्रीन बेल्ट की सुंदरता बढ़ाने के लिए नियमित रूप से पौधों की देखभाल और पेड़ों की छंटाई की जानी चाहिए, जिससे न केवल शहर का सौंदर्य निखरेगा बल्कि नागरिकों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण भी प्राप्त होगा।

## व्यापक जन अभियान को एक बड़ा मुकाम मिला

# पंजाब कांग्रेस ने 'वोट-चोरी' के खिलाफ 26 लाख हस्ताक्षर हाईकमान को सौंपे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब में 'वोट-चोरी' के खिलाफ चलाए गए व्यापक जन अभियान को एक बड़ा मुकाम मिला है। बुधवार को पंजाब कांग्रेस नेताओं ने राज्यभर से जुटाए गए 26 लाख 85 हज़ार 828 हस्ताक्षर कांग्रेस हाईकमान को सौंपे।

यह हस्ताक्षर अभियान पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी अभियान "वोट चोर, गद्दी छोड़" का हिस्सा है। दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल को पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और कांग्रेस विधान दल के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने हस्ताक्षरित फार्म सौंपे।



### पंजाब वोट-चोरी को रोक देगा: प्रताप बाजवा

#### जनता ने दिल खोलकर आवाज उठाई: राजा वड़िंग

पीसीसी अध्यक्ष राजा वड़िंग ने कहा कि 'वोट चोरी' के खिलाफ चलाए गए अभियान को पंजाब के गांव-शहर, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक वर्गों से असाधारण समर्थन मिला है।

कांग्रेस विधान दल (सीएलपी) नेता प्रताप सिंह बाजवा ने अभियान की सफलता पर भरोसा जताते हुए कहा,मैं पूरे आत्मविश्वास और गारंटी के साथ कह सकता हूं कि पंजाब बीजेपी की 'वोट चोरी' को रोक देगा। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर संग्रह केवल एक विरोध नहीं, बल्कि पंजाब की जनता द्वारा लोकतंत्र की मजबूती का संदेश है।

### पंजाब का जनसमर्थन ऐतिहासिकः भूपेश बघेल

पत्रकारों से बातचीत में भूपेश बघेल ने कहा कि जिस तरह पूरे देश में यह अभियान जोर पकड़ रहा है, उसी तरह पंजाब में भी लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी दिखाई है। उन्होंने बताया कि अभियान को लोगों से करीब 27 लाख समर्थन हस्ताक्षर प्राप्त हुए, जो दर्शाता है कि पंजाब के लोग "वोट चोरी" के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं।

### अन्य प्रदेशों के नेता भी रहे

हस्ताक्षर सौंपने के इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, तथा असम के लिए महासचिव प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इन नेताओं ने पंजाब कांग्रेस के इस अभियान को 'देशव्यापी लोकतांत्रिक संघर्ष का महत्वपूर्ण हिस्सा' बताया।

**पार्टी का दावा : यह सिर्फ शुरुआत**- पार्टी नेतृत्व का कहना है कि देशभर में 'वोट-चोरी' के खिलाफ जनजागरण अभियान जारी रहेगा और आने वाले दिनों में विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में हस्ताक्षर एकत्र किए जाएंगे। जिसका पंजाब में जबरदस्त जनसमर्थन देखने को मिला।

## खबर संक्षेप

### कंतार की शीर्ष 100 सूची में भारतीय ब्रांड शामिल




**नई दिल्ली।** कंतार की सूची में शामिल शीर्ष 100 सबसे मूल्यवान भारतीय ब्रांड का कुल मूल्य 2025 में 523.5 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। यह देश के जीडीपी का लगभग 13 प्रतिशत है। जारी 2025 की नवीनतम कंतार ब्रांड रिपोर्ट में 100 ब्रांड को शामिल किया गया है, जिनका कुल ब्रांड मूल्य सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ा है।

### रुपया 23 पैसे टूटकर 88.71 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 88.71 पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा में आई बड़ी मजबूती तथा अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से रुपये में यह गिरावट आई। दिसंबर में ब्याज कटौती के खिलाफ थे, डॉलर में तेजी आई है।

### आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज से अपने शेयर हटाए

ITC Limited

**नई दिल्ली।** विविध कारोबार करने वाली कंपनी आईटीसी ने कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (सीएसई) से अपने शेयर को स्वैच्छिक से हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज ने 20 नवंबर 2025 से आईटीसी के साधारण शेयर को अपनी 'आधिकारिक एक्सचेंज सूची' से स्वैच्छिक रूप से हटाने की मंजूरी दे दी है।

# भारत से बोरिया-बिस्तर समेट रहा एक और विदेशी बैंक, कई अमीरों के हैं खाते

## जर्मनी का डॉयचे बैंक अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस समेटने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मनी का डॉयचे बैंक भारत में अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट बिजनेस समेटने की तैयारी में है। इसे खरीदने की होड़ में देश के दो बड़े प्राइवेट बैंक कोटक महिंद्रा बैंक और फेडरल बैंक शामिल हैं।

- इस बैंक को खरीदने की दौड़ में भारत के दो बड़े प्राइवेट बैंक

आठ साल में यह दूसरा मौका है जब डॉयचे बैंक भारत में अपना कारोबार बेचने की फिराक में है। दोनों भारतीय बैंकों ने डॉयचे बैंक के इस पोर्टफोलियो का मूल्यांकन कर लिया है। फिलहाल, इस डील की कीमत को लेकर बातचीत चल रही है। इस पोर्टफोलियो में पर्सनल लोन और कुछ मॉर्टगेज शामिल हैं, जिन्हें डॉयचे बैंक बेचना चाहता है। बैंक के वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में करीब 25,000 करोड़ रुपए की एसेट अंडर मैनेजमेंट है। मार्च 2025 में खत्म हुए वित्तीय वर्ष में बैंक के रिटेल कारोबार से कुल 2,455 करोड़ रुपए का रेवेन्यू आया था। यह पिछले साल के 2,362 करोड़ रुपए के रेवेन्यू से 4 प्रतिशत ज्यादा है।

### भारतीय बैंकों को फायदा

*ताजा आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 के अंत तक डॉयचे बैंक के रिटेल बैंकिंग में कुल 25,038 करोड़ रुपए की संपत्ति थी। डॉयचे बैंक के सीईओ क्रिश्चियन सीविंग ने वैश्विक स्तर पर बैंक को और अधिक लाभदायक बनाने के लिए एक पुनर्गठन योजना शुरू की है। इसी योजना के तहत डॉयचे बैंक भारत में अपने रिटेल कारोबार से पूरी तरह बाहर निकलना चाहता है। एक सूत्र ने बताया कि बातचीत चल रही है, लेकिन हमें मूल्यांकन पर भी ध्यान देना होगा। कोटक और फेडरल बैंक दोनों ही पोर्टफोलियो खरीदकर अपने कारोबार का विस्तार करने के इच्छुक हैं और यह एक ऐसा ही मौका है। यह उन्हें डॉयचे बैंक के वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में भी हिस्सेदारी देगा, जो इन दोनों बैंकों की इस क्षेत्र में अपनी महत्वाकांक्षाओं और रिटेल कारोबार के साथ तालमेल बिठाएगा।*




### विदेशी बैंकों की मुश्किल

भारत में विदेशी बैंकों को बड़े स्थानीय बैंकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उनके खर्चे ज्यादा होते हैं और वे कीमतों के मामले में कड़ी प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते। साल 2022 में सिटीबैंक ने अपना क्रेडिट कार्ड और रिटेल कारोबार 1 अरब डॉलर से अधिक में एक्सिस बैंक को बेच दिया था। इसी साल कोटक महिंद्रा बैंक ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड से 3,330 करोड़ रुपए का पर्सनल लोन पोर्टफोलियो खरीदा था।

***डॉयचे ने खुद क्रेडिट कार्ड कारोबार बेचा था :*** *डॉयचे बैंक ने खुद 2011 में अपना क्रेडिट कार्ड कारोबार इंडसइंड बैंक को बेचा था। डॉयचे बैंक के भारत में वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार में बैंक के कॉर्पोरेट कारोबार से जुड़े ऋण निवेश भी शामिल हैं। इसमें कुछ अमीरों के खाते भी शामिल हैं, जो कोटक महिंद्रा और फेडरल के लिए बहुत लाभदायक हो सकते हैं। संपत्ति के हिसाब से जर्मनी के सबसे बड़े बैंक ने इससे पहले साल 2017 में भारत में अपना रिटेल और वेल्थ मैनेजमेंट कारोबार बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन बाद में इन योजनाओं को वापस ले लिया था।*

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, रुपये के लिए किसी भी स्तर का कोई लक्ष्य नहीं

# रुपये के लिए कोई लक्ष्य नहीं, अमेरिकी डॉलर की मांग से इसमें गिरावट : मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ने रुपये के लिए किसी भी स्तर का लक्ष्य नहीं बनाया है और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले घरेलू मुद्रा में हाल में आई गिरावट की वजह डॉलर की मांग में तेजी है।

गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा का ''काफी अच्छा'' भंडार है और बाह्य क्षेत्र को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में वीकेआरवी राव स्मृति व्याख्यान में मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रणाली में वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना है और केंद्रीय बैंक जहां तक संभव हो, आवश्यक सुरक्षा उपायों एवं सुरक्षा-व्यवस्था को बनाए रखते हुए विनियमनों को सरल बनाने का प्रयास कर रहा है।

### देश के चालू खाता शेष पर दबाव कम होगा

*डॉलर के मुकाबले रुपये के अवमूल्यन से जुड़े सवाल पर उन्होंने विश्वास जताया कि भारत, अमेरिका के साथ एक ''अच्छा व्यापार समझौता'' करेगा और इससे देश के चालू खाता शेष पर दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये का हालिया अवमूल्यन व्यापारिक गतिविधियों और अमेरिकी शुल्क मुद्दों के कारण है।*

- घरेलू मुद्रा में गिरावट की वजह डॉलर में मांग निकलना है
- केंद्रीय बैंक के पास विदेशी मुद्रा का अच्छा भंडार
- बाह्य क्षेत्र को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं



### फेड के ब्याज दरों में कटौती करने की संभावना कम

अमेरिकी मुद्रा में व्यापक मजबूती एवं अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की कम होती संभावनाओं के बीच रुपया बृहस्पतिवार को 23 पैसे टूटकर 88.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से जुड़े ब्योरे में दिसंबर में नीतिगत दर में कटौती न करने का संकेत मिलने के बाद डॉलर में तेजी आई है और यह 100 के स्तर के पार पहुंच गया।

### डॉलर की मांग के कारण गिरावट

मल्होत्रा ने कहा, '' हम किसी स्तर को लक्ष्य नहीं बनाते। रुपये में गिरावट क्यों आ रही है? ऐसा मांग के कारण है...यह एक वित्तीय साधन है। डॉलर की मांग है और यदि डॉलर की मांग बढ़ती है तो रुपये में गिरावट आती है। यदि रुपये की मांग बढ़ती है तो डॉलर में गिरावट आती है और रुपया मजबूत होता है।''

### शीर्ष 100 बैंकों की सूची में और भारतीय बैंक होंगे शामिल

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक विस्तार और बैंकिंग प्रणाली में वृद्धि की गति को देखते हुए, भारत के और भी घरेलू बैंक जल्द ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों की सूची में शामिल होंगे। मल्होत्रा ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनमिक्स में वीकेआरवी राव स्मृति व्याख्यान देने के बाद छात्रों से बातचीत में कहा कि आरबीआई भारत के कई बड़े बैंकों को वैश्विक सूची में शामिल नहीं कर सकता। जबकि इसमें उन्हें शामिल होना चाहिए।

### अभी एसबीआई और एचडीएफसी बैंक शामिल

मल्होत्रा ने कहा, ''...सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में कई बैंक हैं। जिस गति से वे बढ़ रहे हैं, मुझे लगता है कि यह केवल समय की बात है कि दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में हमारे कई बैंक शामिल होंगे।'' वर्तमान में, केवल भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक ही दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में शामिल हैं। ये दोनों बैंक क्रमशः 43वें और 73वें स्थान पर हैं।

### बैंकों का विलय ही एक रास्ता

इस महीने की शुरुआत में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी कहा था कि देश को बड़े और वैश्विक स्तर के बैंकों की जरूरत है और इस संबंध में रिजर्व बैंक और वित्तीय संस्थानों के साथ बातचीत जारी है। उन्होंने कहा था, ''यह मौजूदा बैंकों से नए बैंक बनाने से नहीं हो सकता... विलय भी एक रास्ता हो सकता है। सही मायने में आपको एक ऐसे परिवेश की जरूरत है जिसमें ज्यादा बैंक काम कर सकें और आगे बढ़ सकें।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 446 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- वैश्विक बाजारों में मजबूत स्थिति बनी रही
- तेल और गैस कंपनियों के शेयरों में निकली खरीदी
- विदेशी निवेशकों ने बाजार में किया निवेश

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच तेल एवं गैस तथा चुनिंदा वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बीएसई सेंसेक्स 446 अंक चढ़ गया, जबकि निफ्टी 139 अंक मजबूत हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 446.21 अंक चढ़कर 85,632.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 615.23 अंक चढ़कर 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर 85,801.70 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,192.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर 26,246.65 अंक पर पहुंच गया था। विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में तेजी से मानक सूचकांक कारोबार के दौरान साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक सबसे अधिक लाभ में रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टाइटन और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

### तेजी की अगुवाई रिलायंस आदि शेयरों ने किया

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि भारतीय बाजार मजबूती के साथ बंद हुए और निफ्टी 26,100 अंक के प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि इस तेजी की अगुवाई रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत तेल और गैस क्षेत्र के प्रमुख शेयरों के साथ-साथ एचडीएफसी बैंक और बजाज ट्विन्स जैसे निजी क्षेत्र के वित्तीय संस्थान और चुनिंदा वाहन शेयरों ने किया।

## टीसीएस, टीपीजी डेटा सेंटर कारोबार में करेगी निवेश

**मुंबई।** देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी डेटा सेंटर कारोबार के लिए निजी इक्विटी कंपनी टीपीजी के साथ गठजोड़ की घोषणा की। दोनों साझेदार मिलकर इस व्यवसाय में 18,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। टीपीजी 'हाइपरवॉल्ट' नाम के एआई डेटा सेंटर व्यवसाय में एक अरब डॉलर या करीब 8,870 करोड़ रुपये निवेश करेगी। इस उद्यम में उसकी 27.5 प्रतिशत से 49 प्रतिशत के बीच हिस्सेदारी होगी। 'टीपीजी को एक रणनीतिक निवेश साझेदार के तौर पर लाने से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को अपने निवेशकों को बेहतर प्रतिफल दिलाने, अपने पूंजीगत व्यय को कम करने और डेटा सेंटर मंच के लिए दीर्घावधि मूल्य बनाने में मदद मिलेगी।''

## देश की 26 ई-कॉमर्स कंपनियां 'डार्क पैटर्न' से हुई मुक्त : सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की 26 प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों ने उनके मंचों के 'डार्क पैटर्न' से मुक्त होने की घोषणा की है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'डार्क पैटर्न' अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आते हैं।

सरकार, उपभोक्ताओं को गुमराह करने या उनके साथ छल करने वाली इन प्रथाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास कर रही है।

इन 26 ई-कॉमर्स मंचों में जेप्टो, जोमैटो, स्विगी, जियोमार्ट और बिगबास्केट शामिल हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बयान में कहा




कि 26 प्रमुख ई-कॉमर्स मंचों ने स्वेच्छा से स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत किए हैं जो 'डार्क पैटर्न' की रोकथाम एवं विनियमन, 2023 के दिशानिर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करते हैं। 'डार्क पैटर्न' भ्रामक 'यूजर इंटरफेस' के जरिये ऑनलाइन मचों के उपयोगकर्ताओं को धोखा देने या हेरफेर करने का तरीका है।

## अशोक लेलैंड भारी माल ढुलाई ट्रकों की श्रृंखला लाएगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लेलैंड अपनी डीजल ट्रक श्रृंखला का विस्तार करने की तैयारी कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शेनू अग्रवाल ने कहा कि वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली यह प्रमुख कंपनी अपने अनुसंधान एवं विकास संसाधनों को बेहतर बनाने का काम कर रही है। डीजल श्रृंखला में हम जल्द ही 320 और 360 हॉर्सपावर की पावर रेटिंग वाले 'हेवी-ड्यूटी ट्रक' (भारी माल ढुलाई करने वाले) की एक पूरी तरह से नई श्रृंखला पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। ये नए ट्रक उन्नत 'हेवी-ड्यूटी एग्रीगेट्स' से बने हैं जो बेजोड़ विश्वसनीयता प्रदान करते हैं।'' अग्रवाल ने कहा कि इन उत्पादों में छह सिलेंडर इंजन लगाए जाएंगे जो संबंधित खंडों में वाहनों को घुमाने की उच्चतम क्षमता (पीक टॉर्क) प्रदान करेंगे जिससे इस श्रेणी के ग्राहकों को कम समय में अधिक फेरे लगाने का मौका मिलेगा और इस प्रकार प्रति माह अधिक आय होगी। अग्रवाल ने कहा, '' हम पूरी तरह से निर्मित बसों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी पूरी तरह से निर्मित बस क्षमता में लगातार वृद्धि कर रहे हैं।

# सोना 600 रुपये टूटा, चांदी भी लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोना गिरकर 1,26,700 रुपये पर, चांदी 2000 रुपए लढ़कर 1,58, 000 रुपये किलो

कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें 600 रुपये टूटकर 1,26,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये टूटकर 1,26,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) रह गयी। चांदी की कीमतें 2,000 रुपये लुढ़ककर 1,58,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक - जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। डॉलर के मजबूत होने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने की अमेरिका की नई कोशिशों की खबरों के बाद सोने की सुरक्षित निवेश की मांग में कमी आई।' गांधी ने कहा कि अमेरिकी ब्यूरो ऑफ़ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अक्टूबर की रोजगार रिपोर्ट प्रकाशित न करने के ऐलान के बाद बाजार धारणा और खराब हो गयी, जिससे फेडरल रिजर्व के पास साल की अपनी आखिरी बैठक से पहले जरूरी श्रम आंकड़े नहीं रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 16.48 डॉलर या 0.40 प्रतिशत गिरकर 4,061.53 डॉलर प्रति औंस रह गया। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर में हल्की मज़बूती के बीच हाजिर सोना 4,060 डॉलर के स्तर पर नुकसान के साथ कारोबार कर रहा है। इस बीच, विश्व की छह प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत बढ़कर 100.26 पर पहुंच गया। विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 1.22 प्रतिशत टूटकर 50.73 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा थी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जीई एयरोस्पेस पुणे विनिर्माण पर 1.4 करोड़ डॉलर करेगी निवेश

- 10 साल पुराने संयंत्र के लिए कुल निवेश 4.4 करोड़ डॉलर हुआ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


जीई एयरोस्पेस पुणे स्थित अपने विनिर्माण संयंत्र की क्षमता विस्तार के लिए 1.4 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी। इसके साथ ही 10 साल पुराने संयंत्र के लिए दो साल से भी कम समय में घोषित कुल निवेश 4.4 करोड़ डॉलर हो जाएगा। इस संयंत्र में निर्मित घटकों का उपयोग जीई90, जीईएनएक्स, जीई9एक्स और लीप इंजनों के लिए किया जाता है। लीप इंजनों का निर्माण सीएफएम द्वारा किया जाता है। विमान इंजनों की प्रमुख विनिर्माता कंपनी सीएफएम, जीई एवं सफ्रान का 50:50 संयुक्त उद्यम है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में घोषणा की कि वह पुणे स्थित विनिर्माण संयंत्र में 1.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश पिछले साल घोषित तीन करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश के अतिरिक्त है। विज्ञप्ति में कहा गया, '' नया निवेश उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं एवं स्वचालन के माध्यम से संयंत्र की क्षमताओं को मजबूत करेगा जिसमें उन्नत इंजन घटकों को समर्थन देने वाले संवर्द्धन भी शामिल हैं।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में न्यू सुभाष नगर (यूसी-12984) में नागरिक सुविधाओं का प्रावधान + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 22.11.2025 | रु. 209.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812433393 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40501/I/88/7 दि. 20.11.25

## शब्द पहेली - 6054




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6053 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झौ | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | य | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | चा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |



# भारत और अमेरिका की भिड़ंत के साथ 15 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट

## 6 फरवरी को फाइनल, 16 देशों की टीमें लेंगी भाग, आईसीसी ने जारी किया शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ग्रुप-ए में मौजूद है भारतीय टीम




अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-बी में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-सी में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। ग्रुप-डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### 15 जनवरी को अपना पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

15 जनवरी: अमेरिका बनाम भारत, बुलावायो।
15 जनवरी: जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड, हरारे।
15 जनवरी: तंजानिया बनाम वेस्टइंडीज, विंडहुक।
16 जनवरी : पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, हरारे।
16 जनवरी: ऑस्ट्रेलिया बनाम आयरलैंड, विंडहुक।
16 जनवरी: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, विंडहुक।
17 जनवरी: भारत बनाम बांग्लादेश, बुलावायो।
17 जनवरी: जापान बनाम श्रीलंका, विंडहुक।
18 जनवरी: न्यूजीलैंड बनाम अमेरिका, बुलावायो।
18 जनवरी: इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे, हरारे।
18 जनवरी: वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, विंडहुक।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 19 जनवरी | : पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड, हरारे। |
| 19 जनवरी | : श्रीलंका बनाम आयरलैंड, विंडहुक। |
| 19 जनवरी | : द.अफ्रीका बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 20 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो। |
| 20 जनवरी | : ऑस्ट्रेलिया बनाम जापान, विंडहुक। |
| 21 जनवरी | : इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड। |
| 21 जनवरी | : अफगानिस्तान बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 22 जनवरी | : जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान, हरारे। |
| 22 जनवरी | : आयरलैंड बनाम जापान। |
| 22 जनवरी | : वेस्टइंडीज बनाम द. अफ्रीका, विंडहुक। |
| 23 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम अमेरिका। |
| 23 जनवरी | : श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया। |
| 24 जनवरी | : भारत बनाम न्यूजीलैंड। |
| 24 जनवरी | : ए4 बनाम डी4 |

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी3 |
| 25 जनवरी | : सुपर-6 डी2 बनाम ए3 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी4 बनाम सी4 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 सी1 बनाम बी2 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम ए2 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी2 बनाम बी3 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी3 बनाम बी1 |
| 28 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी2 |
| 29 जनवरी | : सुपर-6 डी3 बनाम ए2 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 डी1 बनाम ए3 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 बी3 बनाम सी1 |
| 31 जनवरी | : सुपर-6 बनाम सी3 |
| 01 फरवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम सी2 |

## खबर संक्षेप



### अजहर अली ने पाकिस्तान की चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई। सूत्र ने कहा ,'' अजहर ने बोर्ड को इस सप्ताह इस्तीफा सौंप दिया जो स्वीकार कर लिया गया।'' पाकिस्तान के लिये 97 टेस्ट खेल चुके अजहर पिछले साल ही चयनकर्ता बने थे लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कार्यप्रणाली से काफी नाराज थे।

### बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का दिसंबर में होने वाला भारत दौरा स्थगित




**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दिसंबर में 3 वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के प्रस्तावित भारत दौरे को स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बीसीबी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से सीरीज के लिए बाद में तारीख निर्धारित किए जाने का पत्र मिला है। सूत्रों के अनुसार, दौरे को स्थगित किए जाने का कोई विशेष कारण नहीं बताया गया है, लेकिन ऐसा समझा जाता है कि भारत और बांग्लादेश के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव इसका प्रमुख कारण हो सकता है।

### चैंपियन वुहान जियांगदा ने 2 गोल से ईस्ट बंगाल को हराया



**वुहान (चीन)।** भारतीय क्लब ईस्ट बंगाल एफसी को बृहस्पतिवार को यहां एएफसी महिला चैंपियन्स लीग ग्रुप बी मैच में चीन के गत चैंपियन वुहान जियांगदा एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम की ओर से दोनों गोल पहले हाफ में वैंग शुआंग ने आठवें और 17वें मिनट में किए। पहले मैच में ईरान के बेम खातून एफसी को हराने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे सुनिश्चित करना होगा कि 23 नवंबर को उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसफ के खिलाफ वह दो गोल से अधिक के अंतर से नहीं हारे। तीन ग्रुप में से प्रत्येक में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम के अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीम नॉकआउट में जगह बनाएंगी।

### द. अफ्रीका से एक टेस्ट में हार के बाद भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

# गुवाहाटी टेस्ट कल से, पंत संभालेंगे टीम इंडिया की कमान, गिल का खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट टीम गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शनिवार, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए शुभमन गिल की चोट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अब गिल अस्पताल से बाहर आ चुके हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर दूसरे टेस्ट मैच में खेलना अभी तय नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि शुभमन गिल 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी और आज शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में उनके खेलने का फैसला लिया जाएगा लेकिन फिलहाल गिल की टेस्ट में उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को सौंपी गई है। वहीं युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को गिल की जगह मौका मिलने की उम्मीद है।



### एक टेस्ट हारने के बाद टीम इंडिया पर दबाव

साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 30 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैच से पहले टीम ने ईडन गार्डन्स में एक प्रैक्टिस भी करी गई, जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल शामिल हुए। सभी खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट में पहली बार शेड्यूल में बदलाव

इस टेस्ट मैच में एक और दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा. टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार लंच से पहले टी-ब्रेक रखा जाएगा। मैच रोज सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक खेल खत्म कर दिया जाएगा। टॉसः सुबह 8:30 बजे। पहला सत्रः 9:00 एएम से 11:00 एएम। टी-ब्रेकः 11:00 से 11:20। दूसरा सत्रः 11:20 से 1:20। लंच ब्रेकः 1:20 पीएम से 2:00 पीएम। तीसरा सत्रः 2:00 से 4:00 बजे तक।

### निशानेबाजी

# माहित ने निशानेबाजी में जीते तीन पदक



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने इससे पहले 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और 10 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत ने तोक्यो में निशानेबाजी में अब तक 12 पदक जीते हैं जिसमें से माहित के नाम तीन पदक हैं। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

**बोलोगना।** दो बार की गत चैम्पियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता। इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 से मात दी थी। इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है। आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था। अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

# भारत बनाम बांग्लादेश और पाकिस्तान-श्रीलंका के बीच आज सेमीफाइनल मुकाबला




एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत एक और खिताब जीतने के करीब पहुंच चुका है। भारत की ए टीम ने जितेश शर्मा की कप्तानी में एशिया कप राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। इस बीच बुधवार शाम को ये भी तय हो गया कि सेमीफाइनल में पहुचंने वाली चार टीमें कौन सी हैं और किस टीम का अब किससे मुकाबला होगा।

भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होने के कारण इनके बीच सेमीफाइनल मुकाबला नहीं होगा। हालांकि अगर दोनों ही टीमें सेफा में जीतती हैं तो फाइनल मुकाबला भारत-पाक के बीच हो सकता है। आज होने वाले दोनों सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से और पाकिस्तान का मुकाबला श्रीलंका की टीम से होगा।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स में ये टीमें पहुंची सेफा में

एशिया कप 2025 राइजिंग स्टार्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चार टीमें भारत के अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश हैं। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप थे, लीग फेज में इनका मैच भी हुआ था। दोनों टीमों ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप ए में बांग्लादेश ने पहले नंबर पर फिनिश किया है, वहीं श्रीलंका की टीम दूसरे नंबर पर रही है।

### दोनों ही सेमीफाइनल मुकाबले आज

सेमीफाइनल में जहां एक ओर भारत का मैच बांग्लादेश से होगा, वहीं पाकिस्तान की टक्कर श्रीलंका से होगी। दोनों खास बात ये है कि दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन यानी आज 21 नवंबर को ही खेले जाएंगे। पहले भारत और बांग्लादेश के बीच दोपहर तीन बजे से मैच खेला जाएगा। इसके बाद शाम को आठ बजे से पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें आमने सामने होंगी।

### फाइनल में हो सकती है भारत-पाक की टक्कर

इस बीच भले ही सेमीफाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच ना हो रहा हो, लेकिन इस बात की संभावना काफी ज्यादा है कि फाइनल में इन दोनों टीमों की भिड़ंत हो जाए। इसके लिए शर्त ये है कि भारतीय टीम अपने मैच में बांग्लादेश को मात दे और पाकिस्तान टीम अपने दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका को हरा दे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के एक और फाइनल का मंच तैयार हो जाएगा।

# गोल्फर दीक्षा ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण

**तोक्यो।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। तोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारग्यू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला। जकार्ता में 2018 एशियाई खेलों में भाग लेने वाली दीक्षा इसके एक साल बाद 18 वर्ष की उम्र में लेडीज यूरोपीय टूर पर जीत दर्ज करने वाली अदिति अशोक के बाद दूसरी गोल्फर बनी थीं।



# आस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन : शेट्टी और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए।

शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपै के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21- 11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए। वहीं इस साल प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं जा सके प्रणय को आठवीं वरीयता प्राप्त पूर्व जूनियर विश्व चैम्पियन इंडोनेशिया फरहान अलवी ने 21-19, 21-10 से हराया।



### लक्ष्य ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराया

सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21-17, 21-16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना अब पांचवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी से होगा।

### सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा

# एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया व इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट आज से, स्मिथ-स्टोक्स की टीम आमने-सामने

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच प्रतिष्ठित एशेज सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। स्टीव स्मिथ के नेतृत्व में कंगारू टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

दूसरी तरफ बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 7:50 बजे से खेला जाएगा।




### इंग्लैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच अब तक 361 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान कंगारू टीम को 152 मुकाबलों में जीत मिली है। इंग्लैंड ने 112 मैच अपने नाम किए हैं। दोनों टीमों के बीच 97 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच अब तक 185 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं। 99 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं और 57 में उसे हार मिली है। 29 मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में जोश व कमिंस नहीं

कंगारू टीम ने अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। जेक वेदराल्ड और ब्रेडन डॉगेट इस मुकाबले से अपना टेस्ट डेब्यू करते हुए नजर आएंगे। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस के न होने से टीम की गेंदबाजी पर असर पड़ेगा। ऐसे में मिचेल स्टार्क को बेहतर करना होगा।

### पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), जेक वेदराल्ड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, ट्रेविस हेड, कैमरून ग्रीन, एलेक्स कैरी, मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, स्कॉट बोलैंड और ब्रेंडन डॉगेट।




# पाकिस्तान को जहाज और पनडुब्बियां दे रहा चीन, हर गतिविधि पर हमारी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाइस एडमिरल संजय वात्सायन ने कहा कि भारतीय नौसेना इस बात से अवगत है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां और जहाज दे रहा है और नौसेना हर गतिविधि की बहुत ध्यान से निगरानी कर रही है, ताकि समुद्री सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा की जा सके। भारतीय नौसेना के 'स्वावलंबन 2025' कार्यक्रम को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। यह कार्यक्रम 25-26 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में होगा। इस बार का आयोजन नई तकनीकों, स्वदेशी समाधान और भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रगति को प्रदर्शित करेगा। भारतीय नौसेना का 'स्वावलंबन 2025' एक ऐसा मंच है जो नवोन्मेषकों, स्टार्टअप्स, उद्योगों और सशस्त्र बलों को एक साथ लाएगा। उनके अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी स्वावलंबन 2025 में शामिल होंगे।

*नौसेना को अगले दो साल में कई नए विमान मिलेंगे*

*समुद्री सुरक्षा और देश के हितों की रक्षा में तैयार है भारत*

*वाइस एडमिरल संजय वात्सायन*

*भारतीय नौसेना के 'स्वावलंबन 2025' कार्यक्रम से पहले नौसेना उप प्रमुख का खुलासा*

## मुकाबले के लिए नौसेना पूरी तरह से तैयार



वाइस एडमिरल वात्सायन ने कहा कि हमें पूरी जानकारी है कि चीन पाकिस्तान को पनडुब्बियां दे रहा है और जल्द ही उनकी पनडुब्बियों को शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। लेकिन हम भी पूरे क्षेत्र में हर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जो कुछ भी हमें करना है और जिसका मुकाबला करना है, हम उसकी तैयारी कर रहे हैं। हमें यह भी पता है कि पनडुब्बी-रोधी युद्ध के लिए हमें कैसी क्षमताओं की जरूरत है। भारतीय नौसेना उन तकनीकों और क्षमताओं पर भी नजर रख रही है जो अन्य देश भी दे रहे हैं और इन्हें देखते हुए नौसेना लगातार अपनी तैयारी की समीक्षा करती है और नई चीजों को जोड़ने और खरीदने की योजना बनाती है।

**पांच सालों में कई क्षमताएं हासिल की**

*नौसेना के उप-प्रमुख ने कहा कि चीन की क्षमताओं पर बात करते हुए उन्होंने बताया कि चीन अपना तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर शामिल करने जा रहा है, लेकिन भारतीय नौसेना को भी अगले दो साल में कई नए विमान मिलने वाले हैं। जहां तक चीन की बात है उनके पास तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर आने वाला है। हमारे कुछ विमान निर्माणाधीन हैं और अगले दो साल में हमें मिल जाएंगे। हमने जरूरी स्वीकृति पहले ही ले ली है और पिछले पांच साल में कई क्षमताएं हासिल की हैं। इसलिए हमें पूरा भरोसा है कि हम वही कर रहे हैं जो जरूरी है। वात्सायन ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में 'बाहरी ताकतों' की मौजूदगी पर नजर रख रही है। किसी भी समय वहां 40 से 50 जहाज सक्रिय रहते हैं और नौसेना हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है।*

## अमेरिका




**नई दिल्ली।** अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने अमेरिका के फोर्ट लेस्ली जे मैकनेयर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (एनडीयू) का दौरा किया और एनडीयू के अध्यक्ष, वाइस एडमिरल पीटर ए गार्विन के साथ बातचीत की। इस दौरान व्यावसायिक सैन्य शिक्षा, दोनों रक्षा बलों के बीच उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ संबंधों को मजबूत करने, अंतर्राष्ट्रीय फेलो और सैन्य प्रोफेसरों के प्रशिक्षण आदान-प्रदान, और भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए साझा समुद्री हितों के मुद्दों पर चर्चा हुई।

### जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर एसआईए का छापा

# एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स व 3 ग्रेनेड लीवर जब्त, जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू में कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर पर स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) की छापेमारी ने पूरे मीडिया जगत और सुरक्षा एजेंसियों को चौंका दिया है। सूत्रों के अनुसार एसआईए को दफ्तर से एके राइफल के राउंड्स, कारतूस, पिस्टल राउंड्स और तीन ग्रेनेड लीवर मिले हैं। ऐसे हथियार एक मीडिया ऑफिस में कैसे पहुंचे इसी सवाल ने माहौल गरमा दिया है। एसआईए की यह कार्रवाई उस मुकदमे से जुड़ी है, जिसमें अखबार और उसके प्रमोटर्स पर देश की संप्रभुता के खिलाफ सामग्री प्रकाशित करने का आरोप लगाया गया था। इसी केस में गुरुवार को दफ्तर की गहन तलाशी ली गई।

पूरे परिसर की जांच की गई, जिसके बाद हथियारों का यह जखीरा मिलने की जानकारी सामने आई। सूत्रों ने बताया कि रेड के दौरान सुरक्षा एजेंसियों को दफ्तर के अंदर मौजूद अलमारियों और स्टोरेज की तलाशी में ये हथियार मिले। जांच अधिकारी अब यह पता लगाने में जुटे हैं कि ये राउंड्स, कारतूस और ग्रेनेड लीवर वहां कब और कैसे छुपाए गए थे। इसकी विस्तृत तकनीकी जांच शुरू कर चुकी है। हथियारों की बरामदगी को लेकर फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई तय करेगी। छापे में कंप्यूटर भी खगाले गए। कई दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए। अधिकारियों ने कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर दी है।

**ये हथियार कब और कैसे छिपाए गए इस जांच में जुटे अधिकारी**

**दस्तावेज और कंप्यूटर सिस्टम की फोरेंसिक जांच शुरू कर**

**फोरेंसिक रिपोर्ट और इंटेलिजेंस इनपुट आने के बाद लेंगे एक्शन**

### अखबार की प्रतिक्रिया- 'हमें चुप कराने की कोशिश'




कश्मीर टाइम्स अखबार के दफ्तर के बाहर सुरक्षाकर्मी

कश्मीर टाइम्स ने बयान जारी करते हुए कहा, यह कार्रवाई 'सत्य बोलने' वाले मीडिया को डराने की कोशिश है। हम इसलिए निशाने पर हैं क्योंकि हम सत्ता से सवाल पूछते हैं। हमारे खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। हमारा काम है सच बोलना, और हम चुप नहीं होंगे। ऐसे कदम हमें 'डराने व बदनाम' करने के लिए उठाए जा रहे हैं।

### पहले से दर्ज थी एफआईआर

कश्मीर टाइम्स के खिलाफ एसआईए ने उस समय एफआईआर दर्ज की थी, जब अखबार पर ऐसे लेख प्रकाशित करने का आरोप लगा जो सार्वजनिक कानून-व्यवस्था और देश की अखंडता के लिए नुकसानदेह बताए गए थे। अक्टूबर 2020 में भी कार्यालय को प्रशासन ने सील किया था।

### गलत किया है तो कार्रवाई हो: डिप्टी सीएम

राज्य के डिप्टी सीएम सुरिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि किसी भी एजेंसी को कार्रवाई तभी करनी चाहिए जब कोई वास्तविक गलत काम सामने आए। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर सिर्फ दबाव बनाने के उद्देश्य से हो रही है तो यह गलत होगा।

**लाल किले के पास धमाका**

### 4 और आरोपी गिरफ्तार, जम्मू कश्मीर से हिरासत में लिया गया



पटियाला कोर्ट में आरोपियों को पेश करती पुलिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है। यह चारों वही लोग हैं जिन्होंने ब्लास्ट में इस्तेमाल हुई आई20 कार का इंतजाम, मूवमेंट और सुरक्षित ट्रांसफर कराया था। ये चारों डॉक्टर हैं। इनमें से एक मुफ्ती का भी काम करता था। एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है। इन्हें श्रीनगर में गिरफ्तार किया।

### 21 से 24 नवंबर तक रहेंगे यात्रा पर

# आज जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका रवाना होंगे पीएम मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की चार दिवसीय यात्रा (21 से 24 नवंबर तक) पर रवाना हो जाएंगे। इस वैश्विक आयोजन के दो दिनों यानी शनिवार और रविवार को पीएम संगठन से जुड़ी बैठकों में भाग लेंगे और देश का नेतृत्व करेंगे। साथ ही वह समूह के अन्य साझेदार देशों के शीर्ष नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सोमवार 24 नवंबर को पीएम की यह यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह स्वदेश लौटेंगे। विदेश मंत्रालय में गुरुवार को आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में सुधाकर दलेला (सचिव) ने यह जानकारी दी है।

### ट्रम्प, पुतिन, जिनपिंग नहीं होंगे शामिल

इस बार जी-20 सम्मेलन में अमेरिका की कोई भागीदारी देखने को नहीं मिलेगी। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इसे लेकर पहले ही घोषणा कर चुके हैं। उनके अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी सम्मेलन में शिरकत नहीं करेंगे। दोनों देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी जरूर इस आयोजन में देखने को मिल सकती है। रूस के विदेश मंत्री और चीन के प्रधानमंत्री जी-20 सम्मेलन में भाग ले सकते हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव ने भी अमेरिका की अनुपस्थिति और सम्मेलन के अंत में जारी किए जाने वाले संयुक्त घोषणापत्र से जुड़े एक प्रश्न का साफ जवाब न देते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मंच है, जिसमें हम केवल अपनी भागीदारी के बारे में ही बोल सकते हैं। भारत की अध्यक्षता में जब नई दिल्ली में सम्मेलन हुआ था। तब संयुक्त घोषणापत्र जारी किया गया था। मेरी राय में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली बैठकों के केंद्र में ग्लोबल साउथ के मुद्दे रहेंगे। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि यह एक आर्थिक मंच है। जिसमें भारत के शीर्ष नेता अपनी द्विपक्षीय और अन्य वार्ताओं में आतंकवाद का मुद्दा भी उठा सकते हैं। पीएम की द्विपक्षीय बैठकों को मंत्रालय में अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी है। जैसे ही यह कवायद पूरी हो जाएगी। हम नेताओं के नामों की घोषणा करेंगे।

### लुधियाना में दो आतंकियों का एनकाउंटर, टेरर ग्रुप बब्बर खालसा से जुड़े हैं तार

**लुधियाना।** लुधियाना में पंजाब पुलिस ने दो आतंकियों का एनकाउंटर किया है, दोनों आतंकियों के तार टेरर ग्रुप बब्बर खालसा से जुड़े हुए हैं, जो पाकिस्तानी आतंकी मॉड्यूल का है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इन दोनों संदिग्ध लोगों को हैंड ग्रेनेड इकट्ठा करके तयशुदा जगहों पर फेंकने का काम सौंपा गया था।

## नेपाल में पुलिस और जेन-जेड के बीच झड़प



**काठमांडू।** नेपाल के एक जिले में गुरुवार को उस समय नए सिरे से तनाव पैदा हो गया, जब 'जेन जेड' के युवाओं की अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली की पार्टी के सदस्यों के साथ झड़प में 10 लोग घायल हो गए। इसके बाद अधिकारियों को भारत की सीमा से लगे नेपाल के बारा जिले में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ा। बारा जिले के सिमारा चौक पर उस समय तनाव बढ़ गया जब युवक ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल(यूनिफाइड मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के एक दिन बाद सड़कों पर लौट आए और पुलिस से भिड़ गए। प्रदर्शनकारियों द्वारा कर्फ्यू का उल्लंघन किए जाने और आगे बढ़ने पर अधिकारियों ने आंसू गैस के छह गोले दागे और हवा में दो चक्र गोलियां चलाईं। प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों पर पथराव भी किया, जिसमें छह पुलिसकर्मी और जेन-जेड के चार प्रदर्शनकारी भी घायल हो गए।

### भारतीय नाविकों को राहत

# केंद्र ने आव्रजन प्रणाली रद्द की, बंदरगाहों के बीच अब आसानी से होगी आवाजाही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश के तटीय क्षेत्रों में विशेष रूप से संचालित होने वाले सभी भारतीय जहाजों के लिए साइन-ऑन, साइन-ऑफ और शोर लीव पास की दशकों पुरानी जरूरत को खत्म कर दिया है। भारतीय नाविकों को राहत देते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दो दशक पुरानी आव्रजन प्रक्रियाओं को खत्म कर दिया।

गृह मंत्रालय ने जो दो मुख्य नियम खत्म किए हैं, उनके तहत भारतीय ध्वज वाले जहाजों, जैसे ड्रेजर, अनुसंधान पोत और अन्य, जो केवल भारतीय बंदरगाहों की सीमा के भीतर ही संचालित होते हैं, के चालक दल के लिए साइन-ऑन और साइन-ऑफ प्रणाली और शोर लीव पास (एसएलपी) प्रक्रिया अपनानी पड़ती थी।

इसके तहत पहले नाविकों को भारतीय बंदरगाहों के बीच आवागमन के बावजूद अंतर्राष्ट्रीय आव्रजन मंजूरी जैसी पेचीदा



कागजी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता था। इसके अलावा नाविक को जहाज से उतरने और किनारे पर जाने (शोर लीव) के लिए एक आवर्ती आव्रजन पास (एसएलपी) की जरूरत होती थी।

इन दोनों प्रक्रियाओं को खत्म कर नाविकों को राहत करने के इस फैसले के साथ सरकार ने नाविकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है। इस मामले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत के नाविकों के साथ मजबूती से खड़ी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109